# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 7 जनवरी 2026










## मुख्यमंत्री ने प्रस्तुत किया 15 वर्षीय विकास विजन

# छत्तीसगढ़ का अब अगला ग्रोथ इंजन बनेगा बिलासपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की डबल इंजन सरकार ने आज यह स्पष्ट संदेश दे दिया कि आने वाले दशक में बिलासपुर राज्य का अगला ग्रोथ इंजन बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक ने बिलासपुर के समग्र विकास के लिए बड़े फैसले लिए गए हैं। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, विधायक अमर अग्रवाल, विधायक सुशांत शुक्ला, विधायक धरमलाल कौशिक, महापौर श्रीमती पूजा विधानी, मुख्य सचिव विकास शील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह तथा विभिन्न विभागों के सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारी सभी एक ही मंच पर उपस्थित थे। इस संयुक्त उपस्थिति ने यह शक्तिशाली संदेश दिया कि बिलासपुर का विकास दिल्ली और रायपुर-दोनों स्तरों के बीच प्रत्यक्ष समन्वय से आगे बढ़ेगा और योजनाओं की स्वीकृति, वित्तीय प्रावधान और क्रियान्वयन में गति लाने के ▶▶| शेष पेज 6 पर

### सुपरस्पेसिलिटी हॉस्पिटल पीपीपी मोड में चलेगा

बैठक में सिम्स के नए अस्पताल भवन के लिए एएस जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने एवं सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को पीपीपी मोड पर संचालित करने का निर्णय लिया गया। बिलासपुर एयरपोर्ट विस्तार हेतु डिफेंस को राशि हस्तांतरित किए जाने की जानकारी दी गई, साथ ही एयरपोर्ट के अन्य विकास कार्यों एवं नाइट लैंडिंग सुविधा शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।



### कैंसर हॉस्पिटल के लिए टाटा मेमोरियल से चर्चा

इसके साथ ही बिलासपुर में कैंसर अस्पताल हेतु टाटा मेमोरियल अस्पताल से चर्चा करने, कानन पेंडारी के सामने अंडरपास निर्माण, कोनी से बिरकोना-खमतराई-बहतराई मार्ग निर्माण, 24×7 जल आपूर्ति योजना की डीपीआर तैयार करने तथा अरपा साडा क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

### सिंचाई योजना के लिए बड़ा बजट

खारंग जलाशय में पाराघाट व्यपवर्तन योजना हेतु 328 करोड़ रुपये, नगर निगम क्षेत्र में अरपा नदी के एसटीपी एवं ड्रेनेज कार्यों हेतु 252 करोड़ रुपये तथा शहर की जलभराव समस्या के समाधान के लिए आपदा प्रबंधन निधि से 150 करोड़ रुपये देने पर सहमति बनी।

## स्काउट्स एंड गाइड्स के अध्यक्ष एवं सांसद बृजमोहन ने की थी स्थगित

# स्काउट्स गाइड राष्ट्रीय जंबूरी पर घमासान सांसद ने किया रद्द, आयुक्त बोले-यथावत

छत्तीसगढ़ में स्काउट्स गाइड्स की राष्ट्रीय जंबूरी पर घमासान मच गया है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता वाली परिषद ने वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतों के आधार पर जंबूरी को रद्द कर दिया, लेकिन स्टकाउट्स के छत्तीसगढ़ राज्य आयुक्त ने इस भ्रामक बताया। उनके मुताबिक बालोद जंबूरी यथावत है। गौरतलब है, स्काउटस गाइड परिषद ने छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जम्बूरी को गंभीर वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतों को देखते हुए रद्द कर दिया था। परिषद के अध्यक्ष सांसद बृजमोहन अग्रवाल हैं। उनकी अध्यक्षता में हुई बैठक में पदाधिकारियों ने इसे स्थगित करने का निर्णय लिया था।

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य आयुक्त ने इसे भ्रामक बताते हुए कहा कि बालोद में यह आयोजन 9 से 13 जनवरी तक यथावत है। यहां यह बताना लाजिमी है कि परिषद की बैठक में यह बात भी सामने आई थी कि पूर्व में राज्य कार्यकारिणी एवं राज्य परिषद द्वारा राजधानी क्षेत्र नया रायपुर में राष्ट्रीय, आदिवासी रोवर-रेंजर जम्बूरी आयोजित करने का निर्णय लिया गया था। बावजूद इसके राज्य परिषद एवं कार्यकारिणी की अनुमति और सहमति के बिना राज्य स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जम्बूरी का आयोजन स्थल बदलकर छोटे कस्बे बालोद में निर्धारित कर दिया गया, जो कि भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के संविधान, नियमों एवं प्रक्रियाओं का सीधा उल्लंघन है। इसके अलावा इसके लिए स्वीकृत बजट को भी सीधे डीईओ के खाते में ट्रांसफर कर दिया गया।

### राज्य आयुक्त ने कहा, स्थगित करने की सूचना भ्रामक


बालोद जंबूरी का टेंडर खुलने से पहले ही काम पूरा : सुबोध


मुख्य सचिव ने आवास, भोजन, सुरक्षा, चिकित्सकीय सुविधा निर्बाध बिजली आपूर्ति व अन्य सुविधाओं की ली जानकारी

### आज जंबूरी स्थल पर प्रेसवार्ता

आयोजन से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदान की जाएगी। प्रेस वार्ता कल दोपहर 1:00 बजे जंबूरी आयोजन स्थल, दुधली, जिला बालोद (छत्तीसगढ़) में आयोजित की जाएगी।

### सीएम साय बोले- दुधली में आयोजन, गर्व का विषय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ को पहली बार मेजबानी का अवसर मिला है। छग की मेजबानी में राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी का आयोजन गर्व का विषय है। दुधली बालोद में 9 से 13 जनवरी तक इसका आयोजन किया जा रहा है। देश के सभी क्षेत्रों से आने वाले युवा साथियों का यहां अभिनंदन है, स्वागत है।

### तैयारी पूरी कर ली गई

इधर, छत्तीसगढ़ राज्य आयुक्त की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के तत्वावधान में राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी का आयोजन 9 से 13 जनवरी तक दुधली, जिला बालोद में किया जा रहा है। जंबूरी में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 12 से 15 हजार रोवर-रेंजरों के आगमन की संभावना है। आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स रोवर-रेंजरों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। सोशल मीडिया एवं कुछ समाचार माध्यमों में यह भ्रामक खबर प्रसारित की जा रही है कि उक्त आयोजन को स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि यह सूचना पूरी तरह असत्य और निराधार है। राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी अपने निर्धारित तिथि एवं कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जा रही है।

## बच्चों की बेरहमी से पिटाई का वीडियो हुआ वायरल

# खेत से मटर तोड़कर खाने पर हाथ-पैर बांधकर बच्चों की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजपुर

खेत से मटर तोड़कर खाने पर दो बच्चों को तालिबानी सजा दे दी गई। खेत मालिक ने दो सात वर्षीय बच्चों के हाथ पैर बांधकर उनकी पिटाई की। बच्चों से मारपीट की घटना का वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया है। इधर घटना के बाद बच्चे के पिता ने भी पुलिस से शिकायत की है जिसके बाद पुलिस ने जांच उपरांत अपराध दर्ज कर लिया है और घटना की जांच चल रही है।

बताया जा रहा है कि विकासखंड के ग्राम लड़ुवा में रहने वाले 7 साल के दो बच्चे गांव के ही कपिल के खेत से अक्सर मटर तोड़कर खा लेते थे। चंचल स्वभाव के बच्चे खेल खेल में खेत से मटर तोडकर खाते थे लेकिन बच्चों के मटर खाने की बात खेत मालिक को इतनी बुरी लगी की उसने दोनों बच्चों को पकड़कर बंधक बना लिया और उनके साथ बेरहमी से मारपीट की। मारपीट की यह घटना 4 जनवरी की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि ▶▶| शेष पेज 6 पर

लड़ुवा क्षेत्र की घटना



### चल रही है कार्रवाई

*मामला संज्ञान में आने के बाद तत्काल अपराध दर्ज करने के साथ ही आरोपी को हिरासत में लिया गया है। इस मामले में सुसंगत धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।*

*वैभव बैंकर, एसपी बलरामपुर*

## खबर संक्षेप

### सोनिया अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी को सांस संबंधी परेशानी के बाद यहां सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत ठीक है और उन्हें छाती रोग विशेषज्ञ की निगरानी में रखा गया है। नियमित जांच के तहत उन्हें भर्ती कराया गया है। कांग्रेस नेता को काफी समय से खांसी की समस्या है और वह समय-समय पर, खासकर शहर में प्रदूषण के कारण जांच के लिए आती रहती हैं। सोनिया गांधी को सोमवार शाम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोनिया गांधी ने दिसंबर 2025 में ही अपना 79वां जन्मदिन मनाया था।

### 'पिक-अप वैन' खाई में गिरी, चार की गई जान

**चूड़ाचांदपुर।** मणिपुर के चूड़ाचांदपुर जिले में मंगलवार को एक 'पिक-अप वैन' के खाई में गिर जाने से तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। एक शादी के लिए किराए पर लिए गए वाहन में करीब 30-40 लोग यात्रा कर रहे थे। यह दुर्घटना दोपहर करीब 12 बजे जिले के सिंगंगट उपमंडल के सुदूर नगलजांग गांव के पास हुई। वाहन चालक ने मोड़ पर नियंत्रण खो दिया। मृतकों की पहचान थांगमुआनमुंग खुप्टोंग, हाउचिन, चिंगंगइहसियाम और नियांगजानियांग के रूप में की गई है।

## सब स्टेशन में ट्रांसफार्मर फटा...





**बिलासपुर।** मंगलवार की दोपहर मोपका स्थित 220 केवी सबस्टेशन में लगे 160 एमवीए पॉवर ट्रांसफार्मर में आग लग गई। दोपहर 2 बजे हुई इस घटना के बाद आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया। ऑयल के कारण 6 घंटे तक ट्रांसफार्मर जलता रहा। 220 केवी के ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट के बाद तिफरा, बिरकोना, शनिचरी जैसे 33 और 132 केवी सबस्टेशन भी ब्रेक डाउन हो गए और आधे शहर में बिजली सप्लाई ठप रही।

## कलेक्टर सरगुजा ने जारी किया आदेश

# सरगुजा में शीतलहर, 5वीं तक के स्कूलों में छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

सरगुजा में पड़ रही कड़ाके की ठंड व शीतलहर के प्रभाव को देखते हुए कलेक्टर सरगुजा के साथ बलरामपुर, सूरजपुर जिले में प्राथमिक शालाओं की छुट्टी का आदेश जारी किया गया है। इसके साथ शेष विद्यालयों के कक्षा संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है। परिवर्तन के बाद दो पालियों में संचालित होने वाले स्कूल सुबह 9.30 व 12.30 व ▶▶| शेष पेज6 पर

### पूर्व डिप्टी सीएम ने की कलेक्टर से बात

ठंड को लेकर सोमवार की रात अंबिकापुर पहुंचने के बाद पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने भी सरगुजा कलेक्टर से फोन पर चर्चा कर स्कूलों में अवकाश घोषित करने का निवेदन किया था। इस पर सरगुजा कलेक्टर ने सकारात्मक ▶▶| शेष पेज 6पर

## तीन राज्यों में अलर्ट

# कोर्ट और स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी से दहशत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कर्नाटक और गुजरात के कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप मच गया। इसके साथ ही यूपी के मऊ में काशी एक्सप्रेस में बम होने की खबर से दशहत फैल गई। हालांकि जांच के बाद ये धमकियां अफवाह निकलीं।

### काशी एक्सप्रेस को कराया खाली

मऊ जिले में गोरखपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनल जा रही ट्रेन में बम होने की सूचना से हड़कंप मच गया। ट्रेन के मऊ रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर पुलिस, राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने तत्परता दिखाते हुए ट्रेन को खाली कराया।

## नवोदय विद्यालय की घटना

# 13 साल की छात्रा की हार्ट अटैक से मौत, स्कूल में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धार

मध्य प्रदेश के धार जिले के बदनावर इलाके में पिछले कई दिनों से कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। इसका दुष्प्रभाव बच्चों पर दिखाई देने लगा है। नवोदय विद्यालय मुलथान में छात्रा की स्कूल के मैदान में खड़े-खड़े हार्ट अटैक आने से मौत हो गई।



### रिपोर्ट खोलेगी मौत का राज

बाद में अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। हालांकि, अभी मौत के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल सका है, लेकिन कड़ाके की ठंड में अल सुबह खुले मैदान में खेलने से उसकी मौत होने का शक है।

## अमरेश मिश्रा, संजीव शुक्ला, दीपक झा और रामगोपाल के नाम पर गंभीर मंथन

सीएम साय ने की थी घोषणा, कैबिनेट ने 23 से शुरू करने का लिया है निर्णय

# रायपुर पुलिस कमिश्नर की दौड़ में चार आईपीएस 23 से एक-दो दिन पहले हो सकता है ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप



रायपुर में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू करने का निर्णय राज्य सरकार ले चुकी है। निर्णय के बाद रायपुर में पुलिस कमिश्नर नियुक्त करने के लिए मंथन शुरू हो गया है। यह आईजी के समकक्ष पद है। चार वरिष्ठ आईपीएस के नाम गंभीर मंथन जारी है। सूत्रों के अनुसार 23 जनवरी से यह नई व्यवस्था लागू होने के एक या दो दिन पहले कमिश्नर के नाम की घोषणा की जा सकती है। पुलिस मुख्यालय के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो इस पद के लिए आईजी स्तर के चार अधिकारी दौड़ में शामिल हैं। इनमें संजीव शुक्ला 2004 बैच, अमरेश मिश्रा ▶▶| शेष पेज 6 पर

### संजीव या अमरेश...

सूत्रों का कहना है कि अमरेश मिश्रा का नाम सबसे ऊपर है। वे सख्त पुलिस अफसर माने जाते हैं और लंबे समय से रायपुर आईजी की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं साथ ही एसीबी और ईओडब्ल्यू जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी उनके पास हैं। सरकार की पहली पसंद अमरेश हैं लेकिन फिलहाल उनके पास दायित्व अधिक हैं और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने की वजह से संभावना कम है ▶▶| शेष पेज 6 पर

### 23 से शुरू होगी पुलिस कमिश्नरी

*छत्तीसगढ़ में रायपुर कमिश्नरी प्रणाली लागू करने की घोषणा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की थी। हाल ही में कैबिनेट की बैठक में तय किया गया है कि कमिश्नरी 23 जनवरी से प्रारंभ की जाएगी। जिसके तहत रायपुर शहर को 3 जोन में बांटा जाएगा और पुलिस कमिश्नर को कलेक्टर* ▶▶| शेष पेज 6 पर



# बड़ी परियोजनाओं के ऐलान के बाद नहीं बिकेगी वहां की जमीन, अब भूमि का भी होगा भू-आधार

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, राज्य के जिस क्षेत्र में भी बड़ी परियोजनाएं आएंगी, उसकी घोषणा के बाद वहां की जमीन की खरीद बिक्री पर रोक लग जाएगी। शासन की ओर से कहा गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग हो या फिर दूसरी तरह की योजयाएं, राज्य की हो या केंद्र सरकार की योजना, उसकी घोषणा के बाद जिस क्षेत्र में इस योजना को आना है, वहां की जमीनों की खरीद बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री टंकराम वर्मा छत्तीसगढ़ शासन के 2 साल पूरे होने पर संवाददाताओं से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा, जमीनों की खरीदी बिक्री, बड़ी परियोजनाओं के बाद प्रतिबंधित रहेगी। बड़ी परियोजनाओं के आने के बाद अक्सर वहां पर जमीनों की खरीद बिक्री, उसके टुकड़े करने और साथ ही उसकी बंदोबस्ती में बदलाव किया जाता है। ऐसा होने से परियोजना, उससे जुड़े किसान और सरकार तीनों को घाटा होता है, इसमें बिचौलिए अपना फायदा कमाते हैं। इसे देखते हुए बड़ी परियोजनाओं के ऐलान के बाद वहां की जमीन के बंदोबस्ती पूरी तरह का प्रतिबंध रहेगी, जमीन की खरीद बिक्री नहीं होगी।

### जमीन संबंधी विवादों में आएगी कमी

मंत्री ने कहा, जमीन से संबंधित विवादों का निपटारा जल्द हो इसलिए जमीन के सभी दस्तावेज को सिविल न्यायालय से डिजिटलाइज करते हुए जोड़ दिया गया है। इससे मामले के निपटारे में कोई दिक्कत नही आएगी और निपटारा भी जल्द होगा।



**5 डिसमिल से कम की जमीन नहीं बिकेगी :** मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, सरकार ने भूमि संबंधी विवादों से निपटारे के लिए कई बड़ी योजनाओं को बनाया है। मंत्री ने बताया कि छोटी जमीन जो 5 डिसमिल से कम है, उसकी बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसमें भी कई तरह के ऐसे काम किए जाते थे, जो सरकार के राजस्व का घाटा करते थे। नए नियम के अनुसार छत्तीसगढ़ जन आवास योजना में दो से लेकर 5 एकड़ की जमीन को टीएनसी के नियम के अनुसार अनुमोदन के बाद प्लाटिंग करके बेचा जा सकता है, जो किसी भूखंड क्षेत्रफल का हो सकता है।

### जारी होगा भू आधार कार्ड

विभाग के कामकाज की जानकारी देते हुए मंत्री ने कहा कि एग्रीस्टेक के तहत जिओ रिफ्रेशिंग फार्मर रजिस्ट्रेशन, डिजिटल क्रॉप्स सर्वे शुरू किया गया है। साथ ही नक्शे के लिए जियो रेफरेंसिंग के लिए 25 करोड़ का प्रावधान किया गया है। सरकार सभी जमीनों के लिए भू आधार कार्ड जारी करेगी। उन्होंने कहा, सभी भू नक्शा का जिओ रेफरेंसिंग किया जा रहा है। प्रत्येक भूखंड में यूनिक आइडेंटिटी पिन देते हुए सभी जमीन का भू आधार कार्ड जारी होगा। डीजीपीएस सिस्टम से जमीन सर्वे का काम चल रहा है इससे शहरी इलाके की छोटी से छोटी जमीन का कागज बनेगा।

### तहसीलदारों को राजस्व अभिलेखों में सुधार का अधिकार

मंत्री ने कहा कि भू-अभिलेख सुधार जल्द इस सुविधा से हो जाएगा। अब राजस्व अभिलेखों में सुधार का अधिकार तहसीलदारों को दिया गया है, इससे बहुत सारे मामलों में जल्द निपटारा होगा। पहले यह अधिकार उप जिलाधिकारी के पास ही होता था। जिसके कारण मामले लंबित रखते थे, ऐसे मामले को बदलकर तहसीलदारों को भी दिए गए हैं, ताकि मामले का निपटारा जल्द से जल्द हो सके। अब किसान पुस्तिका कार्य खत्म होगा, क्योंकि अब कंप्यूटराइज्ड होने के बाद व्यवस्था ऑनलाइन हो जाएगी और ऑनलाइन व्यवस्था होने के बाद इसमें व्यापक सुधार आएगा। जमीनों के विवाद और उससे होने वाली परेशानी को लेकर कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में जो सरकारी जमीनों का आवंटन और रजिस्ट्रेशन किया गया था, उसकी भी जांच कराई जा रही है। उसमें जो भी नियम अनुसार कार्रवाई होगी वह की जाएगी।

---

## ऑपरेशन निश्चय : दुकानों से अल्प्राजोलम एवं स्पासमो 17808 नशीली टेबलेट जब्त

# प्रतिबंधित नशीली टेबलेट सिंडिकेट का भंडाफोड़ 4 मेडिकल दुकान संचालक सहित एमआर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पुलिस ने राजधानी में प्रतिबंधित नशीला टेबलेट का कारोबार करने वाले सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिंडिकेट में शामिल चार मेडिकल दुकानों के संचालक तथा एक मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव (एमआर) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने ऑपरेशन निश्चय के तहत इन मेडिकल दुकानों में छापा मारते हुए अल्प्राजोलम एवं स्पासमो 17808 नशीला टेबलेट जब्त किया है। इस सिंडिकेट का मुख्य आरोपी एमआर है, जो प्रतिबंधित नशीली दवाइयों को जबलपुर से कोरियर एवं बस ट्रांसपोर्टिंग के माध्यम से रायपुर मंगाता था।

पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को नशीले टेबलेट का कारोबार करने वाले इस सिंडिकेट का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि रायपुर पुलिस नशे के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन निश्चय के अंतर्गत प्रतिबंधित नशीला टेबलेट में लिप्त अपराधियों की बदलती कार्यप्रणाली पर त्वरित और सटीक कार्रवाई करते हुए सप्लायर चेन सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिंडिकेट में 4 मेडिकल दुकान रत्ना मेडिकल स्टोर कुशालपुर पुरानी बस्ती, काव्या मेडिकोज टिकरापारा, प्यारी लक्ष्मी मेडिकल स्टोर भनपुरी खमतराई एवं भरोसा मेडिकल स्टोर सांकरा धरसींवा में छापा मारकर यहां से प्रतिबंधित नशीला टेबलेट जब्त किया।



### एमआर करता था मेडिकल दुकानों में नशीली दवाइयों की सप्लाई

पुलिस अफसरों के अनुसार इस सिंडिकेट का मुख्य आरोपी गणपति नगर न्यू चंगोराभाठा निवासी एमआर आनंद शर्मा 45 वर्ष है। आनंद ही प्रतिबंधित टेबलेट को ऑर्डर देकर जबलपुर से मंगाया करता था। ये नशीली दवाइयां कभी कोरियर से तो कभी बस ट्रासंपोर्टिंग के माध्यम से वह मंगाता था। इसके बाद वह इन नशीली दवाइयों को मेडिकल दुकानों में डिमांड के अनुसार सप्लाई करता था।

### मेडिकल दुकानें सील लाइसेंस भी होंगे निरस्त

मेडिकल दुकानों में प्रतिबंधित नशीली दवाइयों की बिक्री के मामले में सभी मेडिकल दुकानों को सील कर दिया गया है। वहीं इन दुकानों के संचालकों का मिला लाइसेंस भी निरस्त किए जाने की प्रक्रिया की जा रही है। इधर जिस कोरियर कंपनी और बसों के माध्यम से इस नशीले टेबलेट का परिवहन किया जा रहा था, उसका भी पता लगाया जा रहा है। पुलिस इन दोनों के संचालकों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई करने की तैयारी में है।

### ग्राहक बनकर पुलिस ने मेडिकल स्टोर से खरीदी नशीली टेबलेट

इस सिंडिकेट का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस भी ग्राहक बनकर कुशालपुर स्थित रत्ना मेडिकल स्टोर पहुंची थी। इस पुलिस कर्मी को आम व्यक्ति समझकर मेडिकल स्टोर के संचालक ने उसे बिना किसी वैध कागजात के अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीला टेबलेट की बिक्री कर दी। इसके बाद पुलिस ने इस मेडिकल दुकान में छापा मारते हुए एमआर आनंद के ठिकाने पर दबिश दी, जिसके बाद अन्य मेडिकल दुकानों में छापा मारकर वहां से प्रतिबंधित नशीला टेबलेट जब्त किया। पूछताछ करने पर उसने उक्त टेबलेट को आनंद शर्मा से लाना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा आनंद शर्मा की पतासाजी करते हुये उसके ठिकाने पर दबिश देकर उसके कब्जे से मकान में रखे प्रतिबंधित नशीले टेबलेट जप्त किया गया। पूछताछ में आनंद शर्मा ने स्वयं को एमआर (मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव) होना बताने के साथ ही प्रतिबंधित नशीले टेबलेट को जबलपुर से कोरियर एवं बस ट्रांसपोर्टिंग के माध्यम से रायपुर मंगाना बताया। कार्रवाई में आरोपियों के कब्जे से चारपहिया टाटा सफारी वाहन एवं 5 मोबाइल जब्त किए गए हैं।

---

# सौम्या पहुंची हाईकोर्ट, गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली जमानत याचिका पर सुनवाई आज



बिलासपुर। सौम्या चौरसिया ने ईडी की गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दायर की है। बुधवार को इस मामले में सुनवाई होगी। इसके साथ ही ईओडब्ल्यू के प्रोडक्शन वारंट पर 8 जनवरी को सुनवाई होगी। बता दें कि शराब घोटाले से संबंधित मामलों की 13 जनवरी से ट्रायल भी प्रारंभ होगा। ध्यान रहे कि कोयला घोटाले में फंसी और रायपुर सेंट्रल जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपसचिव सौम्या चौरसिया की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। आय से अधिक संपत्ति के मामले में ईडी और ईओडब्ल्यू सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें गिरफ्तार कर विशेष न्यायाधीश निधि शर्मा की कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 10 दिनों की कस्टोडियल रिमांड पर भेज दिया गया है। गौरतलब है कि 2 जुलाई 2024 को निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू और समीर विश्नोई के साथ ही सौम्या चौरसिया के खिलाफ तीन नई एफआईआर दर्ज की गई थीं। इन एफआईआर में कोयला घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग और आय से अधिक संपत्ति के आरोप शामिल हैं।

### पद का दुरुपयोग कर अवैध संपत्ति

इससे पहले सौम्या चौरसिया को कोयला घोटाला और मनी लांड्रिंग केस में ईडी ने 2 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था। ईडी की जांच में यह बात सामने आई थी कि सौम्या ने अपनी पद का दुरुपयोग करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध संपत्ति अर्जित की थी। ईडी ने पप्पू बंसल उर्फ लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, तांत्रिक केके श्रीवास्तव और कारोबारी अनवर ढेबर के होटल मैनेजर दीपेन चावड़ा के बयान के आधार पर सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार किया है। ईडी के मुताबिक सौम्या चौरसिया, रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर-चैतन्य बघेल के बीच हुई वाट्सएप चैट्स में कई अहम सबूत मिले हैं। ईडी के मुताबिक भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। इसके अलावा, डिजिटल रिकॉर्ड, जब्त सामग्री और लिखित बयानों व सबूतों से यह साबित हुआ है कि सौम्या चौरसिया शराब सिंडिकेट की एक सक्रिय मेंबर थीं।

---

# धान खरीदी घोटाला मामले में जुर्म दर्ज, फड़ प्रभारी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** जिला पुलिस ने कोनपारा धान खरीदी उपकेंद्र में खरीफ वर्ष 2024-25 के दौरान 6 करोड़ 55 लाख रुपए से अधिक की अनियमितता के मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) के नोडल अधिकारी की रिपोर्ट पर की गई है। प्राथमिक जांच में खुलासा हुआ कि उपकेंद्र में कुल 1,61,250 क्विंटल धान की खरीदी दर्ज है, जबकि मिलों व संग्रहण केंद्रों को मात्र 1,40,663.12 क्विंटल धान ही परिदान किया गया। इस तरह 20,586.88 क्विंटल धान की भारी कमी पाई गई। संयुक्त जांच दल के भौतिक सत्यापन में भी मौके पर धान अनुपलब्ध मिला।



### मामले की गहन जांच जारी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि अपेक्स बैंक की रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। एक आरोपी को जेल भेजा जा चुका है, शेष की गिरफ्तारी शीघ्र होगी। मामले में गहन जांच जारी है।

### 6 अधिकारियों-कर्मचारियों पर केस

पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(4), 320, 336, 338 व 61 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपियों में भुनेश्वर यादव, प्राधिकृत अधिकारी, जयप्रकाश साहू, समिति प्रबंधक, शिशुपाल यादव फड़ प्रभारी, जितेंद्र साय कंप्यूटर ऑपरेटर, अविनाश अवस्थी सहायक फड़ प्रभारी, चंद्र कुमार यादव उप सहायक फड़ प्रभारी। विवेचना के दौरान फड़ प्रभारी शिशुपाल यादव उम्र 39 वर्ष, निवासी ग्राम झारमुंडा, तुमला को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

---


## कार्यालय, अस्पताल अधीक्षक, राज्य मानसिक चिकित्सालय, ग्राम सेंदरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

Email-smhsbsp.cg@gmail.com

क्रमांक/सफाई, निविदा/2026/32 बिलासपुर, दिनांक:-05/01/2026

**द्वितीय निविदा प्रपत्र**

Out Sourcing से राज्य मानसिक चिकित्सालय, सेंदरी, बिलासपुर, के सफाई कार्य कराने हेतु निविदा।

| | |
|---|---|
| निविदा कार्य | राज्य मानसिक चिकित्सालय, सेंदरी, बिलासपुर (छ.ग.) के सफाई कार्य आउट सोर्सिंग से कराये जाने हेतु निविदा 2025-26 आदेश जारी होने के दिनॉक से एक वर्ष के लिए (अवधि 01 वर्ष) |
| निविदा प्रपत्र मूल्य | रु. 1000/- (रु. एक हजार) (कार्यालयीन दिवस में चिकित्सालय के भण्डार शाखा में नगद जमा कर फार्म क्रय किया जाना है, एवं राशि वापसी योग्य नहीं है) |
| निविदा फार्म की विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 20.01.2026 (मंगलवार) दोपहर 3:00 बजे तक |
| निविदा फार्म जमा करने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय | दिनांक 03.02.2026 (मंगलवार) दोपहर 12:00 बजे तक (केवल रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट से ही स्वीकार किये जायेंगे, कार्यालय में निविदा सीधे निविदा स्वीकार नहीं किये जाएगे) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक - 03.02.2026 (मंगलवार) दोपहर 01:00 बजे |
| निविदा धरोहर राशि | रुपये 70,000/- (रू. सत्तर हजार मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट राष्ट्रीयकृत बैंक का अस्पताल अधीक्षक, राज्य मानसिक चिकित्सालय, ग्राम-सेंदरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के नाम से देय। |
| निविदा प्राप्त करने एवं जमा करने हेतु निर्धारित स्थान | कार्यालय अस्पताल अधीक्षक, राज्य मानसिक चिकित्सालय, ग्राम-सेंदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) |

नोट: निविदा की शर्तें एवं दरों हेतु प्रारूप निविदा फार्म के साथ दी जावेगीं। इसके आलावा निविदा संबंधी समस्त जानकारी कलेक्टर, बिलासपुर जिला के वेब साईट www.bilaspur.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन की जा सकती है।

अस्पताल अधीक्षक
राज्य मानसिक चिकित्सालय ग्राम-सेंदरी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

जी. 252605840/2


## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

### दिसंबर की बिजली साढ़े 13 फीसदी महंगी

रायपुर। प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को एफपीपीएएस शुल्क में अभी कोई राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। इसमें लगातार इजाफा हो रहा है। ऐसे में हर माह डबल झटका लग रहा है। जनवरी में जो दिसंबर का बिल आ रहा है, उसमें भी एफपीपीएएस शुल्क का डबल झटका लगा है। ऐसे में दिसंबर की बिजली साढ़े 13 फीसदी महंगी हो गई है। आने वाले समय में इसमें और इजाफा होने की संभावना है।


## OFFICE OF THE COLLECTOR DISTRICT GARIYABAND (C.G.)

Phone No.- 07706241455 Email Id- collector-grb.cg@nic.in.com

Sn. 274 /coll/gbd/Rajim Kumbh Kalp/2026 Gariyaband, Dated. 05/01/2026

Notic invite Tender is invited in from interested event management Firm for the **RAJIM KUMBH KALP** to be organized on **1st Feb to 15th Feb, 2026** in Rajim district Gariyaband. AS Details Bellow.


| S. N. | Name of Work | Probable Amount of Contract | Earnest Money (EMD) | Cost of NIT |
|---|---|---|---|---|
| 1 | RAJIM KUMBH KALP 2026 (New Mela Ground and Rajiv Lochan Mandir Side) | 380.67 Lacs | 5.00 Lac | 0.15 Lac |
| 2 | RAJIM KUMBH KALP 2026 (Sant Samagam Sthal & Kuleshwar Mahadev Mandir Area) | 225.33 Lacs | 5.00 Lac | 0.15 Lac |

The detail of events, Terms and conditions may be observed on district web site **https://eproc.cgstate.gov.in**

| Particulars | Date | Time | Place |
|---|---|---|---|
| NIT publication date | 05.01.2026 | - | |
| Pre bid meeting date | 08.01.2026 | 12.00 PM | |
| Bid Submission Due date(Online). | 09.01.2026 | 5.30 PM | |
| Presentation on PPT | 10.01.2026 | 12.00 PM | Meeting Hall Collectorate Gariyaband (C.G.) |
| End date for Physical Submission. | 10.01.2026 | 5.00 PM | |
| Due date of opening of Bid (Scheduled) | 10.01.2026 | 5.10 PM | |

G.- 252605849/2 **Collector District Gariyaband**


## शब्द पहेली - 6101




**बाएँ से दाएँ**

1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

**शब्द पहेली- 6100 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6111

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6110 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




# रामचरितमानस में डिप्लोमा, छात्र पढ़ेंगे-विमान उड्डयन व युद्ध प्रहारक उपकरण और सेतु में प्रयुक्त रसायन

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

छात्र अब रामचरितमानस में डिप्लोमा कर सकेंगे। पं.सुंदरलाल शर्मा ओपन विवि द्वारा यह पाठ्यक्रम संचालित किया जाएगा। पूर्ण रूप से रामचरितमानस आधारित विशेष पाठ्यक्रम संचालित करने वाला यह प्रदेश का पहला शैक्षणिक संस्थान होगा। डिप्लोमा ▶▶|शेष पेज 6 पर

- पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन विवि रामचरितमानस आधारित पाठ्यक्रम संचालित करने वाला पहला संस्थान
- डिप्लोमा पाठ्यक्रम की शुरुआत इसी सत्र से, 27 फरवरी तक कर सकेंगे आवेदन

### चरित्र निर्माण व संवेदनशीलता

पाठ्यक्रम धर्म व विज्ञान के मध्य सेतु का कार्य करेगा। छात्रों का चरित्र निर्माण करना व उनमें संवेदनशीलता होना जरूरी है। पाठ्यक्रम इसमें सहायक सिद्ध होगा।

- प्रो.वीके सारस्वत
कुलपति, ओपन विवि

### खाद्य संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा जैसे बिंदु

रामचरितमानस के प्रयुक्त प्रसंगों में तेल, शक्कर, नमक का रासायनिक विश्लेषण, समाज उपयोगी जीवन रक्षक औषधि, पंचतत्व-निराकार ब्रह्म व साकार ब्रह्म, जीव संरचना, रामचरितमानस में प्रयुक्त पौधे एवं जंतुओं का परिचय, कृत्रिम गर्भाधान व वर्ण संकर, मानस में वर्णित ऋषियों की आयु परंपरा, कपि भालु उपचार, लक्ष्मण उपचार, अहिल्या उद्धार, मानस में पर्यावरण की संकल्पना और सामजिक जीवन सहित अन्य टॉपिक शामिल किए हैं।

### विशेषज्ञों ने तैयार किया पाठ्यक्रम

ओपन विवि होने के कारण सीट संबंधित कोई बाध्यता नहीं है। जितने छात्र चाहें, इस पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश लेने वाले छात्रों को लर्निंग मटेरियल विवि प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य पाठ्यक्रमों की भांति इसके लिए भी 10 दिवसीय विशेष ऑफलाइन कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। विवि के अनुसार, पाठ्यक्रम तैयार करने विषय विशेषज्ञों की मदद ली गई है। भारतीय दर्शन का भी इसमें समावेश किया गया है। सिलेबस तैयार करने के पूर्व रामचरितमानस का गहन अध्ययन किया गया। विभिन्न प्रसंगों को विशेषज्ञों की मदद से सिलेबस में पिरोया गया।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### ज़हरीला फल खाने से तीन बच्चों ने तोड़ा दम



**वाराणसी।** वाराणसी जिले के मिर्जामुराद क्षेत्र में खेलते समय कथित तौर पर जहरीला फल खाने से तीन बच्चों की मौत हो गई। मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के करधना इलाके में रविवार को कुछ बच्चे एक साथ खेल रहे थे। इसी दौरान उनमें से तीन बच्चों ने अनजाने में कनेर का फल खा लिया।

### इमारत में आग, परिवार के तीन सदस्यों की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के आदर्श नगर स्थित दिल्ली मेट्रो रेल निगम के आवासीय परिसर की एक इमारत में सोमवार देर रात आग लगने से एक दंपति और उनकी 10 वर्षीय बेटी की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अजय कुमार (42), उनकी पत्नी नीलम (38) और बेटी जाह्नवी के रूप में हुई है। डीएमआरसी के क्वार्टर

### हाथी के हमले में पिता और दो बच्चों की गई जान



**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में एक जंगली हाथी ने एक व्यक्ति और उसके दो बच्चों को कुचलकर मार डाला। यह घटना सोमवार रात गोइलकेरा ब्लॉक में हुई, जहां जंगल के अंदर एक झोपड़ी में एक परिवार रह रहा था। देर रात हाथी ने झोपड़ी पर हमला कर दिया, जिससे व्यक्ति और उसके दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई।

### मुर्गियों से लदे वाहन की ट्रक से टक्कर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में मंगलवार सुबह मुर्गियों से लदे एक वाहन की ट्रक से टक्कर हो जाने से दो लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना सुबह छह बज कर करीब 15 मिनट पर बागनान थाना क्षेत्र के बरुंडा इलाके के पास मुंबई मार्ग पर हुई। देउल्टी की ओर से आ रहा मुर्गियों से लदा वाहन सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से पीछे से जा टकराया। टक्कर के कारण (मुर्गियों से लदे) वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया जिससे चालक और उसका साथी केबिन के अंदर फंस गए।

### घर खरीदारों से धोखाधड़ी 50 करोड़ की संपत्तियां कुक



**नई दिल्ली।** ईडी ने गुरुग्राम की रियल्टी फर्म ओशन सेवन बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ घर खरीदारों से धोखाधड़ी से संबंधित धनशोधन जांच के सिलसिले में एक आलीशान घर, एक होटल और एक रिसॉर्ट के अलावा 50 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के भूखंड और जमा राशि जब्त कर ली है। इन संपत्तियों की कुल कीमत 51.57 करोड़ रुपए है।

## बांग्लादेश में निशाने पर हिंदू, 18 दिन में छह लोगों को मार डाला

# फेसबुक में लिखा-मेरा जन्मस्थान आज मौत की घाटी जैसा हो गया है, तो कर दी हत्या!


एजेंसी ▶▶| ढाका

*बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामला नरसिंदी जिले का है, जहां किराना व्यापारी मणि चक्रवर्ती की बदमाशों ने हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि मृतक ने बांग्लादेश हिंसा को लेकर फेसबुक में लिखा 'मौत की घाटी में बदल गई मेरी जन्मभूमि'। पोस्ट के 17 दिन बाद युवक की हत्या कर दी। बांग्लादेश में 18 दिनों में छह हिंदुओं पर हमले हुए हैं।*

बांग्लादेश के नरसिंगदी शहर में अज्ञात हमलावरों ने एक किराना दुकान के 40 वर्षीय हिंदू मालिक की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। यह घटना सोमवार रात को हुई। इससे कुछ ही घंटों पहले बांग्लादेश के जेस्सोर जिले में सोमवार को अज्ञात हमलावरों ने एक हिंदू व्यापारी को सिर में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी, जो एक समाचार पत्र के कार्यवाहक संपादक भी थे। पलाश उपजिला के चारसिंदूर बाजार में दुकानदार मणि चक्रवर्ती पर सोमवार रात करीब 11 बजे हमला कर उनकी हत्या कर दी गई। पलाश पुलिस थाना प्रमुख (ओसी) शाहेद अल मामून ने बताया कि मणि शिबपुर उपजिला के साधरचार यूनियन निवासी मदन ठाकुर के बेटे थे।

मणि चारसिंदूर बाजार में किराना दुकान के मालिक थे। हाल के सप्ताहों में मारे गए वह तीसरे हिंदू कारोबारी हैं। पुलिस और स्थानीय लोगों ने बताया कि मणि जब सोमवार रात दुकान बंद करके अपने घर लौट रहे थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने उन पर धारदार एवं स्थानीय रूप से निर्मित हथियार से वार किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि मणि की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोग उन्हें पलाश उपजिला स्वास्थ्य परिसर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर हर दिन हो रहे हमले



#### बांग्लादेश में मौत का तांडव

- 18 दिसंबर—दीपू चंद्र दास, मैमन सिंह
- 24 दिसंबर- अमृत मंडल, राजबाड़ी
- 29 दिसंबर- बजेंदर बिश्वास, मैमन सिंह
- 3 जनवरी- खोकन चंद्र दास, शरियतपुर
- 5 जनवरी- राणा प्रताप बैरागी, मोनिरामपुर
- 5 जनवरी- शरत चक्रवर्ती मणि, नरसिंदी

#### फेसबुक पोस्ट ने ली जान

बांग्लादेश में हत्या होने से पहले मणि चक्रवर्ती ने अपने फेसबुक पोस्ट में देश की वर्तमान स्थिति को लेकर दर्द और चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने लिखा था- 'यहां हर जगह आग है, इतनी हिंसा फैल गई है। मेरा जन्मस्थान आज मौत की घाटी जैसा हो गया है।' ये पोस्ट उन्होंने 19 दिसंबर को किया था, जिसमें उन्होंने देश में बढ़ती हिंसा और अशांति के कारण गहरी निराशा जताई थी।

#### शांत और संवेदनशील

एक पड़ोसी ने बताया कि शरत चक्रवर्ती मणि बहुत ही शांत, संवेदनशील और समाज की जिम्मेदारी समझने वाले इंसान थे। उनका किसी से कोई झगड़ा नहीं था और न ही कोई दुश्मनी। पड़ोसी का कहना है कि शरत जैसे सीधे-सादे व्यक्ति की हत्या की कोई निजी वजह नहीं दिखती। उनके मुताबिक, इसकी एक ही वजह हो सकती है कि वह हिंदू थे। यह बात स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में कही गई है। इस हत्या पर जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता बप्पादित्य बसु ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में एक हिंदू का खून अभी सूखा भी नहीं था कि दूसरे हिंदू की हत्या कर दी गई।

#### राजनीतिक प्रतिशोध के कारण हुई हादी की हत्या

आरोपपत्र में 17 लोग नामजद बांग्लादेश पुलिस ने मंगलवार को कहा कि छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या "राजनीतिक प्रतिशोध" के कारण अवामी लीग के इशारे पर की गई थी। उसने बताया कि पुलिस ने हादी की हत्या के सिलसिले में 17 आरोपियों के खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप पत्र दायर किए हैं। समाचार पोर्टल 'टीबीएस न्यूज डॉट नेट' ने ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की खुफिया शाखा के अतिरिक्त आयुक्त मोहम्मद शफीकुल इस्लाम के हवाले से प्रसारित खबर में कहा है, हादी ने सार्वजनिक रैलियों और सोशल मीडिया के माध्यम से अवामी लीग और छात्र लीग की पिछली गतिविधियों की कड़ी आलोचना की थी। उनकी मुखर टिप्पणियों से छात्र लीग और उससे संबद्ध समूहों के नेता व कार्यकर्ता खासे नाराज थे। छात्र लीग अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग का छात्र संगठन है। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने अवामी लीग और उससे जुड़े संगठनों की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## भारत पर 50 फीसदी टैरिफ

# भारत और अमेरिका रिश्तों पर ट्रंप बोले- पीएम मोदी मुझसे खुश नहीं

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बयान में कहा है कि उनके पीएम मोदी के साथ अच्छे संबंध हैं, लेकिन पीएम मोदी उनसे खुश नहीं हैं और इसकी वजह टैरिफ है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को रिपब्लिकन पार्टी के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी मेरे पास आए और बोले कि क्या मैं आपसे मिल सकता हूं, तो मैंने उनसे मुलाकात की। मेरे पीएम मोदी के साथ अच्छे संबंध हैं, लेकिन वे मुझसे खुश नहीं हैं, क्योंकि उन्हें तेल की वजह से बहुत ज्यादा टैरिफ देना पड़ रहा है। हालांकि अब वे रूस से तेल खरीद में कमी ला रहे हैं। ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है, जिसमें से 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ रूस के तेल खरीदने के लिए लगाया गया है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब वह रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर फिर से दबाव बढ़ा रहे हैं। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि नई दिल्ली अगर इस मुद्दे पर सहयोग नहीं करती है तो वॉशिंगटन भारत पर और टैरिफ बढ़ा सकता है। एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी बहुत अच्छे इंसान हैं। वे नेक इंसान हैं। उन्हें पता था कि मैं खुश नहीं हूं, मुझे खुश करना उनके लिए जरूरी था। वे व्यापार करते हैं तो हम उन पर बहुत जल्दी टैरिफ बढ़ा सकते हैं। यह उनके लिए बहुत बुरा होगा।

### पीएम मोदी और ट्रंप के बीच फोन कॉल

ट्रंप की हालिया चेतावनियां ऐसे समय आई है, जब कुछ ही हफ्ते पहले ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच फोन पर बातचीत हुई थी। उस बातचीत में दोनों नेताओं ने मौजूदा टैरिफ तनाव के बावजूद द्विपक्षीय व्यापार को आगे बढ़ाने और सहयोग की रफ्तार बनाए रखने पर जोर दिया था। यह फोन कॉल उसी दिन हुई थी, जब भारत और अमेरिका के वार्ताकारों ने टैरिफ विवाद को सुलझाने के लिए नई दौर की बातचीत शुरू की थी।

### टैरिफ से अमेरिका को 600 अरब डॉलर की कमाई

ट्रंप ने दावा करते हुए कहा कि दुनिया भर के देशों पर लगाए गए आयात शुल्क से अमेरिका को 600 अरब डॉलर से अधिक की कमाई हो रही है, जिससे देश आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों मोर्चों पर पहले से कहीं अधिक मजबूत हुआ है। ट्रंप ने मीडिया पर इस उपलब्धि को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। ट्रंप ने कहा कि टैरिफ की वजह से अमेरिका न सिर्फ आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर भी उसकी स्थिति पहले से बेहतर और ज्यादा सम्मानजनक हुई है।

# वेयरहाउस में चने की छल्ली धसकने से दो बच्चों की दबकर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शहर से दो किलोमीटर दूर धौराभाठा (सिद्धबाबा) स्थित एक वेयरहाउस में मंगलवार को एक हृदय विदारक हादसा हो गया। चने की बोरियों की छल्ली अचानक भरभराकर गिरने से उसके नीचे दबकर दो सगे मासूम भाई-बहनों की मौत हो गई। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है।

- मां की आंखों के सामने उजड़ गई दुनिया

जानकारी के अनुसार, बिलासपुर जिले के बेलहगना (कोटा) की रहने वाली फगनी पटेल धौराभाठा स्थित बंशीगोपाल वेयरहाउस में साफ-सफाई का काम कर अपना और अपने बच्चों का जीवनयापन कर रही थी। मंगलवार को जब वह काम कर रही थी, तब उसकी बेटी प्रतिमा पटेल 6 वर्ष और बेटा अखिलेश पटेल 5 वर्ष पास में ही खेल रहे थे। खेलते-खेलते दोनों बच्चे चने की ऊंची छल्ली के पास पहुंच गए, जो अचानक उनके ऊपर गिर गई। ▶▶|शेष पेज 6 पर



### मामले की जांच की जा रही

मामले की जांच की जा रही है कि छल्ली कैसे धसकी। बच्चों की मौत अत्यंत दुखद है, पुलिस हर पहलू पर बारीकी से जांच की जा रही है।

- तारेश साहू, एसडीओपी

### मां का रो-रोकर बुरा हाल

*छल्ली गिरने के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। गंभीर रूप से घायल दोनों बच्चों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृत बच्चों के पिता का पहले ही निधन हो चुका है, ऐसे में बेसहारा मां के सामने उसकी आंखों के तारे भी छिन गए। मां फगनी का रो-रोकर बुरा हाल है और उसकी स्थिति देख वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं।*

# जेएनयू में पीएम मोदी-शाह के खिलाफ विवादास्पद नारे, जमकर सियासी बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2020 के दिल्ली दंगा साजिश मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इंकार किए जाने के बाद जेएनयू के छात्रों के एक समूह ने विश्वविद्यालय परिसर के भीतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विवादास्पद नारे लगाए। जेएनयू सुरक्षा विभाग ने पुलिस को शिकायत पत्र दिया है।

- दिल्ली दंगे के आरोपी उमर और शरजील के समर्थन में आधी रात प्रदर्शन



### गिरिराज बोले- विवि परिसर देश तोड़ने वालों का अड्डा

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर को "देश तोड़ने वालों का अड्डा" बना दिया है। जेएनयू परिसर में ये नारे लगाए गए। इस घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

### दिल्ली के मंत्रियों ने जताया ऐतराज

दिल्ली के मंत्रियों कपिल मिश्रा, मनजिंदर सिंह सिरसा और आशीष सूद ने आलोचना की। दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा, सांपों के फन कुचले जा रहे हैं, संपोले बिलबिला रहे हैं। नक्सलियों, आतंकियों, दंगाइयों के समर्थन में नारे लगाने वाले हताश हैं क्योंकि उनके नापाक मंसूबे एक-एक करके ध्वस्त हो रहे हैं।

# एसआईआर के बाद ड्राफ्ट सूची में कटे दो करोड़ 89 लाख नाम

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के बाद मंगलवार को मसौदा मतदाता सूची जारी कर दी गयी, जिसमें 12 करोड़ 55 लाख मतदाता शामिल हैं। यह आंकड़ा पूर्व की संख्या 15.44 करोड़ से लगभग दो करोड़ 89 लाख कम है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया के बाद मसौदा मतदाता सूची जारी कर दी गयी है। इसमें 12 करोड़ 55 लाख 56 हजार 25 मतदाता शामिल हैं। पिछले साल 27 अक्टूबर की मतदाता सूची में 15 करोड़ 44 लाख 30 हजार 92 मतदाता थे।

- उत्तरप्रदेश में मतदाता सूची जारी

### मसौदा मतदाता सूची में 12.55 करोड़ मतदाता

मसौदा मतदाता सूची में अब 12.55 करोड़ मतदाता हैं और इसमें राज्य के सभी 75 जिले और 403 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इस काम में एक लाख 72 हजार 486 बूथ शामिल किये गये थे। इनमें बूथ स्तरीय अधिकारी फार्म भरवाने के लिये मतदाताओं तक पहुंचे थे। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 5,76,611 बूथ स्तरीय एजेंटों ने भी इस काम में मदद की। प्रदेश में एसआईआर की कवायद मूल रूप से 11 दिसंबर को खत्म होने वाली थी लेकिन लगभग दो करोड़ 97 लाख मतदाताओं के नाम मसौदा सूची से बाहर हो रहे थे।

## सरकार ने कहा- इसी वित्तीय वर्ष से जमा कराएं हिस्सा

# सरकारी खजाना भरने सरकार अब सार्वजनिक क्षेत्र की समिति-कंपनियों से वसूलेगी 30 फीसदी हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर



छत्तीसगढ़ सरकार ने सरकारी खजाने को सेहतमंद बनाए रखने के लिए एक बड़ा फैसला किया है। अब सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम मसलन शासकीय कंपनियां, सांविधिक निगम, संयुक्त उद्यम निगम और सहकारी समितियों से उनकी कमाई का 30 फीसदी हिस्सा वसूल किया जाएगा। यह राशि लाभांश के रूप में ली जाएगी। इस संबंध में राज्य सरकार के वित्त विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। खास बात ये कही गई है कि ये हिस्सेदारी इसी वित्तीय वर्ष से लेना शुरू किया जाएगा। यह आदेश वित्त विभाग ने राज्य के सबसे वरिष्ठ अधिकारियों सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विशेष सचिव के नाम जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि राज्य शासन के पूर्ण या आंशिक स्वामित्व (नियंत्रक हिस्सेदारी) वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) , जिनमें शासकीय ▶▶|शेष पेज 6 पर

### इस तरह करना होगा भुगतान

राज्य सरकार ने राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा राज्य शासन को वार्षिक लाभांश भुगतान के लिए नीति बनाई है। इसके तहत लाभ में संचालित समस्त राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ( एसपीएसयू) अपने शुद्ध लाभ( करों के भुगतान के बाद मिलने वाले लाभ का न्यूनतम 30 प्रतिशत वार्षिक लाभांश के रूप में भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे। वर्ष के शुद्ध लाभ की गणना करते समय, वर्ष के प्रारंभ में संचित हानि को ध्यान में रखा जाएगा। ) राज्य ▶▶|शेष पेज 6 पर

### एक नजर सार्वजनिक उपक्रमों पर

राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (राज्य के पीएसई) की संख्या 28 है, इनमें 27 सरकारी कंपनियां और सांविधिक निगम शामिल है। राज्य के 10 पीएसईज ने वर्ष 2023 की स्थिति में 897. 22 करोड़ का लाभ अर्जित किया था। इनमें से शीर्ष पांच लाभ कमाने वाले राज्य पीएसई में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी लिमिटेड, छत्तीसगढ़ राज्य भंडारगृह निगम, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड और छत्तीसगढ़ खनिज ▶▶|शेष पेज 6 पर

## चिंतन

# शरीर पर टैटू गुदवाते समय संयम बरतें युवा

अगर युवा भारतीय सेना, पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस में भर्ती होने का सपना देख रहे हैं तो शौक भी जरा संभलकर करें। कहीं ऐसा न हो कि आपका एक शौक आपके सपनों को कुचल दे और हुनरमंद होते हुए भी आप आर्म्ड सर्विसेज में भर्ती की दौड़ से बाहर हो जाएं। पिछले काफी समय से ऐसी चीजें देखने को मिल रही हैं, जिसमें हुनर और क्षमता होने के बावजूद नौजवानों को सिर्फ अपने शौक के चलते सेना, अर्धसैनिक बल और पुलिस में भर्ती की दौड़ से बाहर होना पड़ा है। ऐसा ही एक शौक युवाओं के बीच आजकल काफी लोकप्रिय है। वह है शरीर पर टैटू गुदवाना। जो शरीर को दर्द देने के साथ-साथ सेना में भर्ती के समय उन्हें मेडिकली रूप से अनफिट कर गंभीर पीड़ा दे रहा है। हाल ही में कलकत्ता हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है कि विस्तृत चिकित्सा परीक्षण में अयोग्य घोषित होने के बाद और फिट घोषित होने के लिए पुनरीक्षण चिकित्सा परीक्षण में उपस्थित होने से पहले उम्मीदवार अपने टैटू नहीं हटवा सकते। यदि ऐसा करते हैं तो उन्हें चिकित्सा परीक्षण के दौरान चिकित्सकीय रूप से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। हालांकि, उम्मीदवार को केवल चिकित्सा मूल्यांकन में कथित त्रुटि या अनियमितता को चुनौती देने के लिए पुनरीक्षण चिकित्सा परीक्षण का अनुरोध करने की अनुमति है। लेकिन पहले परीक्षण के बाद शारीरिक स्थिति में कोई बदलाव करने की अनुमति नहीं है। यह फैसला सीआरपीएफ के एक जवान की याचिका पर आया है। ऐसे में युवाओं को शरीर पर टैटू गुदवाते समय संयम बरतना चाहिए, ताकि बाद में परेशानियों का सामना न करना पड़े। बता दें कि भारतीय सेना, पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस में एक खास वर्ग और शरीर के चुनिंदा हिस्सों पर ही टैटू गुदवाने की इजाजत देता है। इजाजत वाली जगहों पर कुछ खास तरह के ही टैटू गुदवाए जा सकते हैं। साथ ही, इन टैटू के बारे में आवेदन के समय संबंधित फोर्स के भर्ती बोर्ड को जानकारी देना अनिवार्य होता है। सेना के तीनों अंगों यानी थल सेना, वायु सेना और नौसेना के अलावा पैरामिलिटर्री एवं पुलिस भर्ती की नियमावली के अनुसार, कोई भी अभ्यर्थी सिर्फ धार्मिक चिन्ह और अपने नाम से जुड़े टैटू ही गुदवा सकता है। ये टैटू हथेली के बाहरी हिस्से में हो सकते हैं। इसके अलावा, हाथ के अंदरूनी हिस्से में कोहनी से नीचे और हथेली के ऊपर के हिस्से में भी टैटू गुदवाने की इजाजत है। हालांकि, नियमावली में यह स्पष्ट नहीं है कि इन टैटू का साइज कितना होना चाहिए। इन दोनों हिस्सों के अलावा शरीर के किसी भी हिस्से में टैटू गुदवाने की इजाजत नहीं है। लिहाजा, नौजवानों को सलाह है कि वह यदि सैन्य बलों में अपना भविष्य देख रहे हैं, तो बेहतर होगा कि टैटू के शौक से परहेज ही करें। दूसरी तरफ, कई एंट्री लेवल भर्ती में शादीशुदा उम्मीदवारों को अनुमति नहीं होती है। खासकर अग्निवीर या सिपाही स्तर की भर्ती में अविवाहित होना जरूरी शर्त है। अगर ट्रेनिंग के दौरान शादी की जानकारी छिपाई जाती है और बाद में सामने आती है, तो भर्ती रद्द भी हो सकती है। अग्निवीर सैनिक जो आर्मी में स्थायी सैनिक बनने का सपना देख रहे हैं, उनके लिए भी सेना ने नया नियम बनाया है। इसके तहत जब तक अग्निवीर स्थायी नौकरी प्राप्त नहीं कर लेते हैं, तब तक वे शादी नहीं कर पाएंगे। हालांकि सेना ने इसके पीछे कोई ठोस कारण नहीं बताया है। सेना ने कहा कि अग्निवीर पद से सेवामुक्त होने के 4 से 6 महीने का इंतजार करना होगा। सेना में स्थायी नियुक्ति के बाद में आसानी से शादी कर सकेंगे।

## विचार

राजेंद्र बज



# चिंतनीय मसलों का तुरंत समाधान जरूरी

आमतौर पर यह देखा गया है कि समय-समय पर कार्यपालिका, व्यवस्थापिका एवं न्यायपालिका से संबद्ध तमाम विसंगतियों एवं समस्याओं को लेकर अधिकार संपन्न वर्ग द्वारा चिंता जाहिर की जाती है। इसके चलते आम नागरिकों के मन में यह विश्वास उत्पन्न होने लगता है कि अब बहुत शीघ्र ही उल्लेखित समस्या का निवारण हो ही जाएगा। उनका यह विश्वास भी समय के साथ तार-तार होता चला जाता है। चूंकि यह अधिकार संपन्न वर्ग किसी संदर्भ विशेष के चलते किसी आयोजित कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में ही ऐसा दर्शाता रहा है कि जो विसंगतियां या समस्याएं हैं, वह सब उनके संज्ञान में हैं। ऐसे में आम नागरिक को जो राहत मिलती है वह क्षणिक होती है। यह सिलसिला हर किसी क्षेत्र में स्थापित हो गया है, ऐसा प्रतीत होता है, लेकिन अहम सवाल यह है कि किसी अधिकार संपन्न शख्सियत ने किसी अवसर विशेष पर किसी समस्या या विसंगति विशेष का उल्लेख किया है तो उसका पूर्ण निदान करने की दिशा में कोई ठोस कदम कब उठाया जाएगा? इसकी जानकारी आम आदमी को कतई नहीं होती। हालांकि वक्ती तौर पर आम आदमी चाहे संतुष्ट हो जाता है, लेकिन समय के साथ यह संतुष्टि भी निराशा में बदल जाती है। दरअसल, किसी विषय पर चिंता व्यक्त करना एक अलग बात है और उस चिंता को दूर करने की इच्छाशक्ति का सच्चे अर्थों में परिचय देना एक अलग बात है।

यही कारण है कि तमाम क्षेत्र के सर्वाधिकार संपन्न वर्ग की विश्वसनीयता पर जन विश्वास में कमी आती दिखाई देती है। सवाल किसी क्षेत्र विशेष का ही नहीं है, बल्कि जो-जो विषय आम आदमी को प्रताड़ित या व्यथित करते हैं, आम नागरिक उसे ही नियति मान बैठते हैं। व्यवहार में देखा गया है आजकल तमाम छोटे बड़े राजनेताओं के कथन को आम नागरिकों द्वारा विश्वसनीय नहीं माना जाता। केंद्र व राज्य द्वारा नियुक्त तमाम छोटे-बड़े जनसेवक पूर्ण निष्ठा एवं समर्पित भाव से अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे ही करेंगे, इस बात को लेकर यदि आम नागरिक आशंकित है तो इस बिंदु पर आकर हजार सवाल खड़े हो जाते हैं। न्याय की अभिलाषा लिए कोई भी फरियाद अंतिम रूप से कब निराकृत होगी? इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं हो सकता, लेकिन न्यायपालिका की कार्यप्रणाली से समझौता करना आम नागरिक की नियति है। जिम्मेदार वर्ग यह क्यों नहीं समझने को तैयार होता कि विलंबित न्याय भी अन्याय का ही प्रतिरूप है। अनगिनत मुकदमों का अंबार लगा है। अनेक अवसरों पर तो ऐसा भी देखा गया है कि पीढ़ी दर पीढ़ी न्याय के लिए भटकन का सिलसिला कभी विराम नहीं लेता। वैसे जब नीति और व्यवहार पर आम नागरिक सच्चे मन से अमल करने लगे तो ही मुकदमों की संख्या में कमी आ सकती है। इसके लिए न्यायपालिका और आम नागरिकों को अपनी ओर से ठोस कदम उठाने की जरूरत है। जहां तक राजनीति का सवाल है तो राजनीति में शूचिता और पवित्रता की जुगाली की जाती है, लेकिन व्यवहार में देखा गया है कि राजनीति भी निवेश का एक सशक्त माध्यम हो रही है। धन लगाकर धन अर्जित करना, धन के अभाव में बाहुबल, धन और बाहुबल के अभाव में जातिबल राजनीतिक सफलता का आधार बनते जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में आम नागरिकों के सम्मुख परिस्थितियों से समझौता करने के अतिरिक्त अन्य कोई मार्ग नहीं होता। वैसे इसमें कोई दो मत नहीं कि जब राजनीति विशुद्ध रूप से नीति और सिद्धांतों पर आधारित हो जाएगी, तब स्वतः ही कार्यपालिका और न्यायपालिका भी सच्चे अर्थों में अपने-अपने कर्तव्य का परिपालन कर सकेगी। एक प्रकार से विभिन्न समस्याओं एवं विसंगतियों के जड़ मूल में राजनीतिक विकृति ही जिम्मेदार है। वास्तव में प्यासे की प्यास बुझनी चाहिए, न कि केवल पानी के छींटे मारकर अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़कर कहीं ओर पानी के छींटे मारने हेतु प्रवत्त हुआ जाए। एक समय में एक समस्या या विसंगति का उल्लेख यह तो जाहिर करता है कि मरीज की नब्ज पर आपका हाथ है, लेकिन असल सवाल रोग निदान का है। अन्यथा केवल और केवल बीमारी की पहचान सुनिश्चित करना किसी भी दृष्टि से सटीक उपचार का पर्याय नहीं हो सकता। इतनी साधारण सी बात अलग-अलग क्षेत्र के अधिकार संपन्न वर्ग की समझ में आखिर कब आएगी ? हाल-फिलहाल तो जहां जैसा कहना जरूरी है, वही कहा जा रहा है, लेकिन वास्तव में करना क्या चाहिए ? इस संदर्भ में ठोस कदम कहीं दिखाई नहीं देता।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विदेश नीति

अखिलेश आर्येन्दु

# वेनेजुएला को ही गुनहगार क्यों माना

**वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई को किसी भी अंतरराष्ट्रीय नियम-कानून के तहत उचित नहीं ठहराया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अमेरिका की इस ताबड़-तोड़ कार्रवाई पर गहरी चिंता जताते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के खिलाफ बताया है और गहरी चिंता जाहिर की है। अमेरिका की वेनेजुएला पर इस कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे मादुरो द्वारा अमेरिका में मादक पदार्थों को लगातार बढ़ावा देने और पेट्रोलियम भंडारों पर कब्जा करने के संदर्भ में बताया है। बताया यह भी जा रहा है कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति ने ट्रंप को उनकी तानाशाही नीति को चुनौती दी थी, जिससे चिढ़कर ट्रंप ने ऐसा अनाधिकार कदम उठाया।**

अमेरिका की शक्ति व सत्ता का तकाज़ा है कि वह जो भी करता है या कहता है, उसे वह सही ठहराता है। उसकी विदेशी नीति 'समरथ को नहि दोष गुंसाई' पर आधारित रही है और आज भी वह मेमने और भेड़िये की कथा के अनुरूप अपने हर कदम को सही ठहराने में कोई गुरेज नहीं करता। वहीं भारत की विदेशी नीति या विदेशी मामलों में अपनाई जाने वाली नीति हमेशा संतुलित और देशहित में रही है। दुनिया में घटने वाली घटनाओं को भारत बहुत बारीक नजरों से देखता ही नहीं, बल्कि उन घटनाओं को भारतीय विदेश नीति और संयुक्त राष्ट्र संघ के नियमों के बरक्स में देखकर अपनी बेहतर नीति (मानवता के हित में) या भूमिका तय करता है। आजादी के बाद भारत गुटनिरपेक्षता की नीति पर चलता आया है, लेकिन पिछले एक दशक से वह 'गुटनिरपेक्षता' से आगे बढ़कर विकसित देशों, यूरोपीय देशों और वैश्विक दक्षिण में स्थित देशों के साथ अलग-अलग मुद्दों पर अलग-अलग तरीके से रुख अपनाता रहा है। इसे दुनिया के हर देश के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध और यथायोग्य व्यवहार के बरक्स में संतुलित और आदर्श नीति मानी जा सकती है।

रूस-यूक्रेन, इजराइल-फिलीपींस युद्ध हो या अब वेनेजुएला-अमेरिका का मामला हो, भारत ने अपनी सूझ-बूझ वाली नीति अपनाते हुए दोनों पक्षों को बात-चीत से मसले को सुलझाने, क्षेत्र में और शांति व स्थिरता बनाए रखने की अपील की है। जबकि इस मामले में दुनिया दो धड़ों में बंटी नजर आती है। भारत किसी धड़े में शामिल होने के बजाय अपनी संतुलित नीति बनाकर, आगे बढ़ रहा है। जाहिर तौर पर भारत आने वाले वक्त में अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए आगे की रणनीति पर बारीकी से विचार करते हुए, हर मुद्दे पर बारीकी नजर रखकर राष्ट्ररक्षा को प्राथमिकता दी है। पिछले एक दशक से मोदी सरकार इस संतुलित और मैत्रीपूर्ण नीति पर ही चलती आ रही है। इससे वह दुनिया में अपनी बेहतरीन नीतियों और कदमों से अपने सूझ-बूझ सर्वहितैषी के रूप में सर्वोपरि दिखाने में सफल रहा है। यह मोदी सरकार की विदेश नीति का बेहतरीन नीतिगत निर्णय कहा जाना चाहिए।

यूक्रेन-रूस युद्ध के मामले में भी भारत ने दोनों देशों से युद्ध खत्म करने और शांति का रास्ता अपनाने की अपील की थी, जिससे किसी तरह का वैश्विक स्तर पर मानवीय संकट न पैदा होने पाए। इस नए घटनाक्रम में भारत की नीति एकदम स्पष्ट और संतुलित है। यह नीति भारत के वैश्विक स्तर पर उभरती छवि को ही बेहतर बनाने का काम ही नहीं कर रही है, बल्कि दुनिया की नजरों में भी एक तीव्र गति से विकास कर रहे आर्थिक रूप से समृद्ध और मानवीय देश के रूप में बन गई है। अमेरिका मामले में यह पहली बार नहीं है जब किसी देश पर अपनी दादागीरी दिखाते हुए उस पर सीधा हस्तक्षेप किया हो और उस देश के शासन को अपदस्थ किया हो। इसके पहले वर्ष 1965 में अमेरिका ने डोमेनिकल गणराज्य में बड़ी तादाद में अपने सैनिक भेंजे, ताकि 1963 में तख्तापलट के तहत हटाए गए पूर्व राष्ट्रपति जुआन बोश की वापसी को रोका जा सके। इसी तरह अपनी दादागीरी दिखाते हुए अमेरिका ने 1989 में पनामा पर धावा बोला, जिसका मकसद तत्कालीन जर्नल मैनुअल नोरिएगा को अपदस्थ करना था, जिन पर मादुरो



की तरह ही मादक पदार्थों के तस्करी के आरोप थे। इराक पर अमेरिका के नेतृत्व वाली सेनाओं का हमला आज भी दुनिया को याद है, जब इराक पर लम्बे शासक के रूप में काबिज सद्दाम हुसैन को हटा दिया गया था। इसी तरह 2004 में हैती पर अमेरिका ने आक्रमण कर वहां के तत्कालीन राष्ट्रपति को अपदस्थ कर अफ्रीका भेज दिया था। ये कुछ घटनाएं हैं जो अमेरिका की तानाशाही या एकल दादागीरी को बताने के लिए नमूने के तौर पर देखी जा सकती हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ का निर्माण इसलिए किया गया था कि देशों के मध्य जो भी समस्याएं या शिकायत हों, उसे इस मंच के बैनर तले बातचीत के जरिए हल किया जा सके। जब से इसकी स्थापना हुई है, तब से अब तक, इस स्वतंत्र वैश्विक संस्था पर अमेरिका का ही एकाधिकार रहा है। अमेरिका जैसा चाहता है संयुक्त राष्ट्र संघ उसी तरह की नीति मानने के लिए मजबूर रहता है। हां, एक दूसरे देश पर हमला करने के ऐसे कारण तो होने ही चाहिए जो बातचीत या एकतरफा अन्याय के खिलाफ जायज हों। यदि दुनिया के किसी भी हिस्से में मानव सुरक्षा के गंभीर संकट हों, तो किसी दूसरे देश के हस्तक्षेप को तभी उचित ठहराया जा सकता है, जब यह सब अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के दायरे में किया जाए।

पिछले कुछ दशकों में कुछ शक्तिशाली देश वैश्विक मानवहित के बजाय अपने निजी स्वार्थों के लिए, किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं। ऐसी ही ताजा घटना वेनेजुएला की है। वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई को किसी भी अंतरराष्ट्रीय नियम-कानून के तहत उचित नहीं ठहराया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अमेरिका की इस ताबड़-तोड़ कार्रवाई पर गहरी चिंता जताते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के खिलाफ बताया है और गहरी चिंता जाहिर की है।

अमेरिका की वेनेजुएला पर इस कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे मादुरो द्वारा अमेरिका में मादक पदार्थों को लगातार बढ़ावा देने और पेट्रोलियम भंडारों पर कब्जा करने के संदर्भ में बताया है। जो लोग या देश राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस कार्रवाई को जायज ठहराते हैं, उनका बचाव करते हुए वे कह रहे हैं कि यदि वेनेजुएला के राष्ट्रपति बहुत बड़े पैमाने पर अत्यंत खतरनाक मादक पदार्थों को तस्करी के जरिए अमेरिका ना भिजवाते जिससे अमेरिकी हितों पर कुठाराघात हो रहा है, तो राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार करके न्यूयार्क न लाया जाता। जब बात मादक पदार्थों की हो, जिनमें सबसे खतरनाक मादक पदार्थ फेंटानिल की तस्करी का आरोप लगे हों, ऐसे में यह जानने की जरूरत है कि क्या फेंटालिन का निर्माण या तस्करी वेनेजुएला में ही होती है या दुनिया के दूसरे देशों में यह मानव-अहितैषी धंधा हो रहा है? सवाल यह भी है कि वेनेजुएला को ही इसके आरोप में क्यों अमेरिका का कोप-भाजन बनना पड़ा? दुनिया में सबसे ज्यादा मौतें आज की तारीख में नशीले मादक पदार्थों से होती है। अमेरिकी लोग इससे 75 प्रतिशत प्रभावित हैं।

इस खतरनाक नशीले पदार्थ के जरिए बनने वाले नशीले पदार्थों में मिलाए जाने वाले रसायनों का चीन में संपादन किया जाता है जो लेटिन अमेरीकी देशों में बहुत बड़े पैमाने पर बेचा जाता है और उन देशों में चीन द्वारा लाए गए रसायनों के जरिए फेंटानिल बनाया जाता है। अमेरिका ने कभी भी चीन को इसके लिए दोषी नहीं ठहराया, जबकि चीन में बने फेंटालिन के कच्चे रसायन बहुत बड़ी तादाद में चोरी-छिपे अमेरिका में लाए जाते हैं और अमेरिका में इनके जरिए फेंटालिन बनाया जाता है। सवाल यह है कि अमेरिका ने चीन को कभी इसके लिए कठघरे में क्यों नहीं खड़ा किया? बताया यह भी जा रहा है कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति ने ट्रंप को उनकी तानाशाही नीति को चुनौती दी थी, जिससे चिढ़कर ट्रंप ने ऐसा अनाधिकार कदम उठाया।

( लेखक चिंतक और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?



संकलित

## दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

# जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित

## प्रेरणा

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूं। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूं। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहा- तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूँ। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोला- दोस्त मैं कहां सुंदर हूं। मैं जब तोते को देखता हूं, तो यही सोचता हूं कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोला- तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोला- खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूं, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गये हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहाँ एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोलाः शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### तेल की राजनीति और सत्ता का खेल

वेनेजुएला को लेकर एक बार फिर दुनिया की भू-राजनीति उबाल पर है। जिस देश के पास दुनिया का सबसे बड़ा प्रमाणित तेल भंडार है, वही देश आज राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक बदहाली और अंतरराष्ट्रीय दबावों के चक्रव्यूह में फंसा है। अमरीका द्वारा राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने, तेल उद्योग में सीधे दखल और सत्ता परिवर्तन की मंशा से जुड़ी खबरों ने यह सवाल फिर खड़ा कर दिया है कि क्या यह सब लोकतंत्र की रक्षा के लिए है या फिर संसाधनों पर नियंत्रण की वही पुरानी कहानी, जो इराक से लेकर पनामा तक दोहराई जाती रही है। बहरहाल वेनेजुएला के भीतर आर्थिक संकट गहरा है, जनता महंगाई, बेरोजगारी और जरूरी वस्तुओं की कमी से जूझ रही है। *- पंकज उपाध्याय, दुर्ग*

## ट्रेंड

### भाषा कभी बाधा नहीं



'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' भारतीय भाषा आधारित शिक्षा की परिकल्पना को आगे बढ़ाती है। भारत विविधता में एकता का जीवंत उदाहरण है, जहाँ भाषा कभी बाधा नहीं, समाज को जोड़ने का माध्यम रही है। हमारी सभ्यता ने सदैव भाषाओं को संवाद और सांस्कृतिक समरसता का सेतु माना है।
**- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### विनम्र श्रद्धांजलि



आधुनिक हिंदी साहित्य के पितामह, युग प्रवर्तक साहित्यकार भारतेन्दु हरिश्चंद्र की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ! साहित्य के माध्यम से राष्ट्र और समाज की जागृति के आपके पुनीत प्रयासों के लिए देशवासी सदैव आपके ऋणी रहेंगे।
**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### मनरेगा से छेड़छाड़ अस्वीकार्य



मनरेगा की आत्मा से छेड़छाड़ कभी स्वीकार्य नहीं। आज प्रख्यात अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज़े से बातचीत में मैंने यह स्पष्ट किया कि केंद्र द्वारा मनरेगा की योजना में बदलाव ग्रामीण गरीबों के अधिकारों पर सीधा हमला है। मजदूरी, काम की गारंटी और राज्यों के अधिकारों से समझौता नहीं होगा।
**- हेमन्त सोरेन, सीएम, झारखंड**

### पैसे और ज़मीन की भूख



यूपी में सत्ता सजातीयों के दुस्साहस ने फौजियों तक की ज़मीन हथिया ली है, भाजपा जब सैनिकों तक की सगी नहीं है, तो समझ लीजिए उनकी पैसे और ज़मीन की भूख किस हद तक गिर सकती है।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

# ऑशविट्ज यातना शिविर पीड़िता ईवा का निधन

ऑशविट्ज यातना शिविर की पीड़िता ईवा श्लॉस का निधन हो गया है। 96 वर्षीय ईवा किशोरावस्था में डायरी लिखने वाली ऐनी फ्रैंक की सौतेली बहन थीं। यह जानकारी 'ऐनी फ्रैंक ट्रस्ट यूके' ने दी।



ट्रस्ट ने बताया कि उनका निधन शनिवार को लंदन में हुआ, जहां वह रहती थीं। ईवा श्लॉस ने जीवनभर 'होलोकॉस्ट' की भयावहता के बारे में लोगों को शिक्षित करने का काम किया। वह 'ऐनी फ्रैंक ट्रस्ट यूके' की मानद अध्यक्ष भी थीं। 'होलोकॉस्ट' द्वितीय विश्व युद्ध (1939-1945) के दौरान नाजी जर्मनी द्वारा किया गया सामूहिक नरसंहार है जिसमें लगभग 60 लाख यहूदियों, साथ ही रोमा (जिप्सी), दिव्यांगजनों, समलैंगिक, राजनीतिक विरोधी और अन्य अल्पसंख्यक समूहों के लोगों को यातना शिविरों और गैस चैंबरों में मार डाला गया था। ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने कहा कि उनके लिए यह "सौभाग्य और गर्व" की बात है कि वह श्लॉस को जानते थे। महाराजा चार्ल्स ने कहा, "युवावस्था में उन्होंने जिन भयावहताओं का सामना किया, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसके बावजूद उन्होंने अपना शेष जीवन नफरत और भेदभाव को खत्म करने में लगा दिया।

## ऑफ बीट

# रूमाल या टिश्यू, स्वास्थ्य के लिए कौन बेहतर

आज, हम जानते हैं कि नाक से निकलने वाले स्राव में ठंडे प्रकार के वायरस पाए जाते हैं जो कई सतहों पर स्थानांतरित हो सकते हैं - हाथ, रूमाल, टिश्यू, दरवाज़े के हैंडल, कीबोर्ड - कभी-कभी शुरुआती जोखिम के बाद भी लंबे समय तक जीवित रहते हैं।



इसलिए दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाले सूती रूमाल में अपनी नाक साफ करना, फिर किसी अन्य वस्तु को छूना, इसका मतलब है कि ये वायरस फैल सकते हैं। यहां तक कि अगर आप अपने सूती रूमाल को तुरंत धोने के लिए रख देते हैं, तो भी आप दरवाजे की कुंडी जैसी सतहों को दूषित कर देंगे, और वॉशिंग मशीन को चलाने के लिए अपने संक्रमित हाथों का उपयोग करेंगे। वायरस टिशू पर इतने लंबे समय तक जीवित नहीं रह पाते हैं। बशर्ते आप टिश्यू का उपयोग करने के बाद उन्हें फेंक दें, और उन्हें दूसरों के उठाने के लिए इधर-उधर नहीं छोड़ें, तभी इस्तेमाल किए गए टिश्यू से दूसरों तक रोगाणु पहुंचने की संभावना बहुत कम होती है। फिर सवाल यह है कि क्या रुमाल या टिश्यू खांसी और सांस के रास्ते निकलने वाले थूक को रोकने के लिए प्रभावी हैं। रूमाल जैसे बुनियादी कपड़े के आवरण, टिश्यू की तरह, थूक को पकड़ सकते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

देश के कई राज्यों में ठंड का सितम

हिमाचल कश्मीर में उमड़े सैलानी

# कहीं कोहरा... कहीं शीतलहर...

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देशभर में ठंड का सितम जारी है। पहाड़ों से लेकर उत्तर भारत और मैदानी इलाकों में कोहरे व शीतलहर से जनजीवन प्रभावित है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तरांचल, यूपी, पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। हिमाचल प्रदेश में अटल टनल रोहतांग और धुंधी के बीच मंगलवार लंबा ट्रैफिक जाम लगा। दरअसल, अटल टनल और सोलंग नाला के बीच बीती शाम व रात में ताजा बर्फबारी हुई। इसे देखने के लिए आज सुबह बड़ी संख्या में टूरिस्ट अटल टनल पहुंचे थे। इधर, शिमला में मंगलवार सुबह स्केटर्स ने आइस रिंक पर स्केटिंग का लुत्फ भी उठाया। प्रयागराज, यूपी में मंगलवार, 6 जनवरी, 2026 को प्रयागराज में, सर्दियों की सुबह पुराने यमुना पुल पर घने कोहरे की चादर छाई हुई थी।


प्रयागराज


शिमला


श्रीनगर

भारतीय सर्राफा बाजार में देखी गई मंगलवार को ऐतिहासिक तेजी

# वैश्विक तनाव से चांदी में रिकॉर्ड उछाल, 2.5 लाख रुपए के पार भाव

## अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नरम रुख से कीमतों में हवा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों से मिल रहे मजबूत संकेतों और घरेलू मांग में उछाल के चलते भारतीय सर्राफा बाजार में मंगलवार को ऐतिहासिक तेजी देखी गई। दिल्ली के हाजिर बाजार में चांदी ने 2.51 लाख प्रति किलो के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर लिया है, जबकि सोना भी 1,41,500 प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया है। सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नरम रुख ने कीमतों में इस 'रैली' को हवा दी है।

ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में चांदी की कीमतों में मंगलवार को 7,000 की भारी बढ़त दर्ज की गई। इसके साथ ही चांदी 2,51,000 प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। यह लगातार तीसरा दिन है जब चांदी की कीमतों में तेजी का रुख बना हुआ है। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,44,000 पर बंद हुई थी। सोने की कीमतों में भी लगातार चौथे दिन बढ़त जारी रही। दिल्ली में 99.9% शुद्धता वाला सोना 1,100 उछलकर 1,41,500 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जो सोमवार को 1,40,400 पर बंद हुआ था।



### अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी की कीमतों का हाल

अंतरराष्ट्रीय बाजार में, कॉमेक्स गोल्ड फ्यूचर्स फॉर फरवरी में 24.9 अमेरिकी डॉलर या 0.56 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,476.4 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। मार्च डिलीवरी के लिए चांदी के वायदा भाव में भी निवेशकों की खरीदारी देखने को मिली। कॉमेक्स बाजार में, चांदी की कीमत में लगातार तीसरे दिन बढ़त जारी रही और यह 1.79 अमेरिकी डॉलर या 2.34 प्रतिशत बढ़कर 78.45 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

### ट्रंप की धमकियों का असर

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के कमोडिटीज के उपाध्यक्ष राहुल कलांत्री ने कहा कि मादक पदार्थों की खेप को लेकर कोलंबिया, क्यूबा और मैक्सिको के प्रति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की धमकियों ने निवेशकों की भावना पर और अधिक दबाव डाला है। उन्होंने आगे कहा कि स्विस बैंकों द्वारा मादुरो से जुड़ी संपत्तियों को जब्त करने की खबरों ने भी कीमती धातुओं के पक्ष में बाजार की भावना को बदल दिया है। इस बीच, रुपये की कमजोरी से घरेलू सोने और चांदी की कीमतों को समर्थन मिलता रहा। कलांत्री ने कहा कि बाजार के भागीदार फेडरल रिजर्व की भावी नीति दिशा का आकलन करने के लिए इस सप्ताह के अंत में जारी होने वाले महत्वपूर्ण अमेरिकी रोजगार आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं।

### आने वाले दिनों में और बढ़ सकते हैं दाम

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि चांदी की डिमांड में अभी तेजी है जिसके आगे भी बने रहने का अनुमान है। ऐसे में चांदी इस साल 2.75 लाख तक जा सकती है। वहीं अगर सोने के बात करें तो इसकी डिमांड में भी तेजी बनी हुई। ऐसे में इस साल आखिर तक ये 1.50 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के पार जा सकता है।

### चांदी में तेजी के प्रमुख कारण

- इंडस्ट्रियल डिमांड – सोलर, इलेक्ट्रॉनिक्स और ईवी में भारी इस्तेमाल, चांदी अब सिर्फ ज्वेलरी नहीं, जरूरी कच्चा माल बन गई है
- ट्रंप का टैरिफ डर – अमेरिकी कंपनियां चांदी का भारी स्टॉक जमा कर रही हैं, ग्लोबल सप्लाई में कमी से कीमतें ऊपर चढ़ीं
- मैन्युफैक्चरर होड़ में – प्रोडक्शन रुकने के डर से सभी पहले से खरीद रहे हैं, इसी वजह से आने वाले महीनों में भी तेजी बनी रहेगी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ड्यूटी निभाने में विफल'

# वायु प्रदूषण को लेकर सीएक्यूएम को फटकार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) लगातार 'खराब' श्रेणी में बना हुआ है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को अपना कर्तव्य निभाने में विफल रहने पर कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि आयोग यह साफ़ नहीं बता पा रहा है कि प्रदूषण के मुख्य कारण क्या हैं।

जजों ने टिप्पणी की कि विशेषज्ञों, लेखकों और आम लोगों की ओर से लगातार सुझाव और जानकारियां आ रही हैं, फिर भी आयोग ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा। पीठ ने कहा कि भारी वाहन प्रदूषण का बड़ा कारण हैं, तो सबसे पहले यह बताना चाहिए कि इस समस्या का समाधान कैसे होगा। सिर्फ 2 जनवरी को बैठक बुलाकर और फिर दो महीने बाद कदम उठाने की बात कहना अस्वीकार्य है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि सीएक्यूएम अपने कर्तव्यों का सही तरीके से पालन नहीं कर रहा है।



### दो सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को आदेश दिया है कि वह दो हफ्ते के भीतर विशेषज्ञों की बैठक बुलाए और दिल्ली में प्रदूषण के बढ़ने के मुख्य कारणों पर एक रिपोर्ट अदालत में पेश करे। यह निर्देश तब आया जब अदालत ने सीएक्यूएम की उस मांग को खारिज कर दिया, जिसमें उसने दिल्ली की सीमाओं पर स्थित टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद या स्थानांतरित करने जैसे बड़े फैसलों को दो महीने के लिए टालने की अनुमति मांगी थी। अदालत ने ये टिप्पणियां राजधानी में लगातार बिगड़ रही वायु गुणवत्ता को देखते हुए कीं।

### यहां हालात सबसे ज्यादा खराब

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, मंगलवार सुबह दिल्ली का औसत एक्यूआई 293 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। चांदनी चौक में हालात सबसे ज्यादा खराब रहे, जहां एक्यूआई 352 दर्ज हुआ। वहीं, 20 निगरानी केंद्रों पर हवा की गुणवत्ता 'अत्यंत खराब' पाई गई। अनुमानों के अनुसार, अगले छह दिनों तक दिल्ली में प्रदूषण का स्तर खराब से अत्यंत खराब बना रह सकता है। इससे पहले 17 दिसंबर की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली नगर निगम और एनएचएआई को निर्देश दिया था कि वे दिल्ली की सीमाओं पर स्थित नौ टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या उन्हें स्थानांतरित करने पर विचार करें।

श्रद्धालु जत्थे के साथ गई थी, प्रेमी से किया निकाह

# पाक गृह मंत्रालय ने लगाया अड़ंगा सरबजीत की भारत वापसी लटकी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



पाकिस्तान गई पंजाबी महिला सरबजीत कौर की भारत वापसी टल गई है। सोमवार को उसे अटारी-वाघा बॉर्डर के रास्ते भारत भेजने की पूरी तैयारियां कर ली गई थीं। इस बीच पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने अदालत में केस होने का हवाला देकर रोक लगा दी। सरबजीत के पाकिस्तान में निकाह करने के बाद पाकिस्तान में सिख समुदाय के पूर्व विधायक महिंदर पाल सिंह ने कोर्ट में याचिका दायर कर उसे गिरफ्तार कर भारत भेजने की मांग की थी। कोर्ट में दलील दी गई थी कि सरबजीत की पाकिस्तान में रुकने की वीजा अवधि समाप्त हो चुकी है। इसके बावजूद वह यहीं रुकी है। वह देश की सुरक्षा के लिए खतरा है। वह संदिग्ध गतिविधियों में शामिल हो सकती है। इस पर अंतिम फैसला आना बाकी है। इसी का हवाला देते हुए पाक गृह मंत्रालय का कहना है कि महिला ने अपनी मर्जी से निकाह किया है और इस संबंध में मामला अदालत में विचाराधीन है। अदालत के अंतिम आदेश के बाद ही जरूरी कानूनी कार्रवाई पूरी कर उसे भारत भेजा जाएगा।

### पाक पुलिस ने किया था गिरफ्तार

*पाकिस्तान पुलिस ने रविवार को सरबजीत और उसके पति नासिर हुसैन को गिरफ्तार किया था। उसकी पुलिस कस्टडी के दौरान की फोटो भी सामने आई है। सरबजीत श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर सिख श्रद्धालुओं के साथ पाकिस्तान गई थी। उसने वहां नासिर से निकाह कर लिया।*

### यह है मामला

कपूरथला के गांव अमानीपुर की रहने वाली सरबजीत कौर 4 नवंबर 2025 को श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर 1932 श्रद्धालुओं के जत्थे के साथ अमृतसर से अटारी बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तान गई थी। दर्शन करने के बाद जत्था 13 नवंबर को भारत लौटा, लेकिन सरबजीत वापस नहीं आई है। उसका नाम न तो पाकिस्तान के एग्जिट रिकॉर्ड में था और न ही भारत के एंट्री रिकॉर्ड में मिला। लापता मानकर उसकी पाक में खोज हुई। इसी दौरान, अचानक उर्दू में लिखा सरबजीत का निकाहनामा वायरल हो गया। जिसमें लिखा था कि सरबजीत ने पाकिस्तान में इस्लाम धर्म अपना लिया है। उसने शेखुपुरा नूर हुसैन नाम के मुस्लिम व्यक्ति से निकाह कर लिया है। सरबजीत ने वीडियो में बताया कि वह नासिर से प्यार करती है और 9 साल से उसे जानती है।

सात साल पुराना है मामला

# शाह को हत्यारा कहने पर राहुल को किया तलब

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मंगलवार को सुल्तानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। करीब 40 मिनट चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने राहुल को तलब किया है। उन्हें 19 जनवरी को कोर्ट में हाजिर होने के लिए कहा है। राहुल के खिलाफ यह मामला 7 साल पहले कर्नाटक में अमित शाह के खिलाफ की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी से जुड़ा है। राहुल ने 2018 में कर्नाटक चुनाव के दौरान कहा था कि जो पार्टी ईमानदारी की बात करती है, उसका अध्यक्ष हत्या का आरोपी है। सुल्तानपुर के भाजपा नेता विजय मिश्र ने 4 अगस्त, 2018 को राहुल के खिलाफ मानहानि का केस दायर किया था।

DELHI PUBLIC SCHOOL
(Under the aegis of the Delhi Public School Society, Delhi)
RISALI SECTOR, BHILAI (C.G.) 490 006
(Co-Educational, English Medium, CBSE Affiliation No.3330009)

REQUIRES

(1) PGT-English, (2) PGT/TGT-Physics, (3) PGT/TGT-Computer Science, (4) TGT-English, Sanskrit, Art & Craft, Physical Education, (5) TGT/PRT-Music (Vocal & Instrumental), (6) PRT (Lady)-Maths, Social Science, PPW, Physical Education, Art & Craft, (7) Staff Nurse (Female)

Application form can be downloaded from the school website. Apply on or before **27.01.2026** with a Demand Draft/Banker's Cheque of Rs. 500/- drawn in favour of the Principal, Delhi Public School, payable at Bhilai (can be paid in cash also at the school office between 8:00 a.m. and 12:00 noon on working days). FOR DETAILS VISIT OUR WEBSITE: **www.dpsbhilai.in**

Principal

सीएम ममता बनर्जी ने लगाया गंभीर आरोप

# 'भाजपा आईटी सेल के एप से एसआईआर करा रहा चुनाव आयोग'

एजेंसी ▸▸| कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोग राज्य में एसआईआर अभ्यास को कराने के लिए भाजपा के आईटी सेल के बनाए मोबाइल एप्लिकेशन का इस्तेमाल कर रहा है। मुख्यमंत्री बनर्जी दक्षिण 24 परगना जिले के सागर द्वीप में गंगासागर मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए दो दिन की यात्रा पूरी करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने कहा, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान चुनाव आयोग 'हर तरह के गलत तरीके' अपना रहा है।




### हर तरह के गलत कदम उठा रहा चुनाव आयोग

*उन्होंने कहा, एसआईआर कराने के लिए चुनाव आयोग हर तरह के गलत कदम उठा रहा है। वह योग्य मतदाताओं को मृत घोषित कर रहा है और बुजुर्ग, बीमार और असहाय लोगों को सुनवाई में आने के लिए मजबूर कर रहा है। वह इस काम के लिए भाजपा के आईटी सेल के बनाए मोबाइल एप का इस्तेमाल कर रहा है।*

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला


तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सुप्रीमो की ओर से यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब उनकी पार्टी के सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने चुनाव आयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में जारी एसआईआर को कराने के लिए आयोग ने मनमाने और प्रकिया के खिलाफ कदम उठाए हैं। टीएमसी ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया ने राज्य के योग्य और वास्तविक मतदाताओं की परेशानियों को काफी बढ़ा दिया है।





# गऊ दरहा में गौ हत्या से मिलती है मुक्ति


परम्परा
घनश्याम सिंह नाग



बस्तर अंचल की प्राचीन राजधानी बड़े डोंगर क्षेत्र में धार्मिक महत्व के अनेक स्थल देखे जा सकते हैं। इन स्थलों पर ग्रामीणों की आज भी काफी आस्था है। इन स्थलों में बड़े डोंगर से 12 कि मी दूरी पर बारदा नदी के तट पर शिव मंदिर से लगा एक जल कुंड को गऊ दरहा के नाम से जाना जाता है। बताया जाता है कि इस कुंड का सीधा संबंध मंदिर से है, मंदिर में चढ़ाया गया फूल और पानी इस कुंड में पहुंच जाता है। शिव मंदिर में स्थापित नर मुण्डों की माला पहने मां काली की प्रस्तर प्रतिमा इसी कुंड से मिली है। जनश्रुति है कि एक मछुआरे ने मछली पकड़ने के उद्देश्य से गऊ दरहा में जाल डाला था। जब जाल बाहर खींचा तो उसमें मछली के जगह मां काली की मूर्ति थी। मां काली की इस प्रतिमा को शिवलिंग के समीप स्थापित कर दिया गया है। जन मान्यता है कि जाने अनजाने में यदि किसी व्यक्ति से गौ हत्या हो जाए तो गौ हत्या के पाप से गऊ दरहा में मुक्ति मिलती है। कलंकित व्यक्ति गऊ दरहा के जल में खड़ा होकर गऊ दान करे तो वह गौ हत्या के महापाप से मुक्त हो जाता है। गौ हत्या के पाप का प्रायश्चित करने के लिए लोग यहां आते हैं इसलिए इस दरहा को गऊ दरहा कहा जाता है। इस कुंड के तल में सोने की शिवलिंग होने की धारणा भी ग्रामीणों में है।

लोक साहित्य
डा. रमेश टण्डन

## छत्तीसगढ़ी निबंध साहित्य का प्रथम उत्थान काल



छत्तीसगढ़ी निबंध साहित्य का विकास हिन्दी के निबंध के साथ होना प्रारंभ हो गया। समृद्ध रीति रिवाज एवं परम्पराओं से युक्त होने के कारण छत्तीसगढ़ी साहित्य की प्रत्येक विधा में साहित्य मिलता है। छत्तीसगढ़ी साहित्य के अंतर्गत निबंध साहित्य भी प्रमुख विधाओं में सम्मिलित है, परंतु निबंधों की मात्रा अपेक्षाकृत कम है। छत्तीसगढ़ी साहित्य के प्रथम उत्थान काल सन 1900 से 1955 तक माना जाता है। छत्तीसगढ़ी निबंध साहित्य का प्रारंभ बीसवीं सदी के प्रथम दशक से ही हो गया था। इस काल में पंडित मुकुटधर पाण्डेय ने छायावाद और श्रेष्ठ निबंध तथा परिश्रम शीर्षक से निबंध संग्रह की रचना की। इसी तरह शुक्ल काल के प्रसिद्ध निबंधकार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी के निबंध संग्रह पंच पात्र का सृजन इसी काल में हुआ था। प्रारंभ में छत्तीसगढ़ के निबंधकारों द्वारा हिन्दी में निबंध लिखे गए, जो छत्तीसगढ़ी में निबंध लिखने के लिए एक जमीन तैयार करने जैसा था। इसके अलावा लोचन प्रसाद पाण्डेय के निबंध भी इसी काल में सृजित थे, जिसमें किरारी का काष्ठ स्तंभ एवं गूंजी का शिलालेख विशेष उल्लेखनीय है।

मेला मड़ई
दिनेश वर्मा

# हथखोज में अनूठी परम्परा का निर्वहन माता शक्ति लहरी



मकर संक्रांति पर्व पर गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर वि. खं. के ग्राम हथखोज में प्रति वर्ष ' माता शक्ति लहरी ' मेले का आयोजन होता है । इस दिन मंदिर प्रांगण में पूजा - पाठ ,भजन - कीर्तन का आयोजन निरंतर चलते रहता है। अन्य स्थलों में आयोजित होने वाले मेलों की तरह यहां भी मनोरंजन के साधन ,पकवान ,वस्त्र , खान-पान सभी तरह के चीजें उपलब्ध रहती हैं।

पर इस मेले का विशेष महत्व है व्यक्तियों का नदी के सूखे रेत में लहरा लेना '। मंदिर प्रांगण के नीचे नदी के खुले रेत के विस्तारित भू,-भाग पर कोई भी व्यक्ति रेत का जलहरी बनाकर उसे अपने माथे पर लगाकर दोनों हाथ जोड़ कर सीधे रेत पर लेट जाने के पश्चात कुछ क्षण बाद उसे स्वभाविक लहर आने लगता है। नदी के सूखे रेत पर वह दूर तक लहरा लेते हुए लुढ़कते रहता है जब तक कोई उसे रोके नहीं, तब तक वह लहर में मग्न रहता है।

लहर के टूटने पर वह कुछ थकान







महसूस करता है और उसे कुछ भी ज्ञात नहीं रहता। दूर-दूर से लोग यहां आस्था का लहर लेने आते हैं।

इसे ग्रामीण माता शक्ति लहरी देवी की कृपा मानते हैं। यह आयोजन वर्ष में केवल एक बार ₹मकर संक्रांति₹ को ही होता है । कहा जाता है मंदिर के इस पवित्र स्थल पर सात नदी महानदी, पैरी, सोंढुर,सूखा नदी, बगनई नदी, केछवा नदी और सरगी नदी का संगम स्थल है । इस आस्था के पर्व का एक विज्ञान के अनुसार ऐसी शक्तियां खगोलीय घटना पर आधारित होती हैं। जब गुरु ग्रह, सूर्य और चन्द्रमा के विशेष संयोग में होता है तब मानव शरीर ग्रह व धरती के चुम्बकीय क्षेत्र के प्रभाव के कारण ऐसा होता है। बायो मेंग्नेटिज्म के अनुसार हथखोज के नदी के रेत पर जहां लोगों को लहरा आता है वह स्थल मानव शरीर पर चुम्बकीय क्षेत्रों का उत्सर्जन करता है और बाहरी ऊर्जा क्षेत्रों से प्रभावित होता है यह आस्था और मेले के दौरान अनुभव यह गर्व का विषय है कि हमारे पूर्वज खगोल शास्त्र व जैविक प्रभावों की गहन जानकारी रखतें थे तभी इस स्थल को शक्ति लहरी के लिए उपयुक्त माना। शायद यही कारण है कि हमारे पूर्वज इस स्थल को पवित्र मान कर शक्ति लहरी की उपमा दिया होगा।

कला जगत
डा सुधीर पाठक

## सरगुजा के पूर्वी क्षेत्र में गाया जाता है डोमकच गीत




छत्तीसगढ़ के सरगुजा अंचल में डोमकच गीत मूलतः सरगुजा के पूर्वी क्षेत्र से लेकर जशपुर और छोटा नागपुर तक में गाया जाता है। मधुर स्वर लहरियों के कारण यह आसपास के समूचे लोक जीवन में रचा बसा है। सरगुजा जिले की विस्तृतता की वजह से अलग अलग भागों में कुछ अंतर में डोमकच गीत गाया जाता है। यहां पूर्वी सरगुजा के मैनपाट में गाया जाने वाला गीत देखें -

का तो कहो सजनी समया गैले भोरे भोर,
का तो कहो सजनी...
का तो कहो सोना रे कठिना कर बाते,
पियलो मय तो गांजा बीड़ी माती के निंदाई गैलो...
छतिया में सोना रे बरसे .... बूंदा पानी रे... बूंदा पानी रे....।

इस गीत में एक महिला अपने पति से कहती है, तुम नशा पान करके रात भर आंगन में पड़े रहे, मैंने तुम्हें रात भर जगाने की कोशिश की, फिर भी तुम उठे नहीं। यह सुन कर पति शर्मिंदा होता है और कहता है कि तुम मुझे माफ कर दो, आज से ऐसा नहीं करूंगा।

पर्यटन : दीपिका सिंह ठाकुर

# पर्यटकों का मन मोहता कोतेविरा जलप्रपात



सरगुजा अंचल का जशपुर जिला प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। यह नदी प्राकृतिक चट्टानो के मध्य से गुजरती है। लोक मान्यता है कि कभी देवताओं द्वारा यहां बांध बनाने का प्रयास हुआ जो अधूरी रह गई। वर्ष भर यहां का हरा भरा वातावरण पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है, यही कारण है कि देश और विदेशों से भी लोग प्रकृति का आनंद लेने यहां आते हैं। यहां के अनेक जलप्रपात खूबसूरत और पर्यटन स्थल के नक्शे में देखे जा सकते हैं। लेकिन अभी भी कई प्राकृतिक सौंदर्य के अनेक स्थलों को चिन्हित कर जन समक्ष लाने की जरूरत है। ऐसे ही अनजान सा पर खूबसूरती से भरा जशपुर जिले के तपकरा क्षेत्र के इब नदी पर कोतेविरा जलप्रपात है। यह जलप्रपात चट्टानों के बीच से काफी ऊंचाई से नीचे की ओर गिरता है। गिरता पानी दूध की तरह सफेद और तरंगित होता है जिसे देखकर लोग आनंदित होते हैं। सुगम रास्ते में होने के कारण पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है।

आस्था
कुलदीप सिंह यादव

## देवी को विदाई देना माता पहुंचनी

लोक मान्यता है कि अतीत की भूलों के परिणामस्वरूप दैवीय प्रकोप के संताप को झेलना पड़ता है। माता निकलने से पीड़ित व्यक्ति के शरीर में फुंसियां निकल आती है और पूरे शरीर में थकान के साथ तेज बुखार आने लगता है। इसके उपचार हेतु शीतला माता में पूजा अर्चना विधिवत की जाती है, जिसमें नियमानुसार पूजन सामग्री का उपयोग किया जाता है। इस समय पीड़ित व्यक्ति के परिवार में खानपान की सात्विकता और शुद्धता के साथ रीति रिवाज पालन को प्राथमिकता दी जाती है। इससे पीड़ित व्यक्ति के स्वास्थ्य में धीरे धीरे सुधार होने लगता है। पीड़ित व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद देवी शीतला माता के मंदिर में पूजा व विशेष अनुष्ठान सात दिनों के भीतर सोमवार या गुरुवार के दिन ही किया जाता है, जिसे माता पहुचनी कहा जाता है।



सुरता: वीरेन्द्र बहादुर सिंह

# खैरागढ़ रियासत काल के साक्षी: महंत तुलसीदास

अपने गुरु भाई ब्रह्म दास की हत्या के बाद महंत तुलसीदास ने कोंड़का (खैरागढ़) रियासत का कामकाज संभाला। सन 1780 में महंत तुलसीदास को नागपुर के राजा रघु जी राव द्वितीय ने कोंड़का जमींदारी की सनद प्रदान की और वे कोंड़का के मान्यता प्राप्त जमींदार हुए।

महंत तुलसीदास ने परपोड़ी के जमींदार दुर्जन साय और उसके भाई डोमन साय को मार कर अपने बड़े भाई महंत ब्रह्म दास की हत्या का बदला लिया। कबीर धाम जिले के बिडौरा नामक गांव के समीप खजरी नामक गांव में दुर्जन साय की समाधि है। साजा- परपोड़ी के बीच बोरतरा नामक गांव में एक चबूतरा है जिसे डोमन चौरा कहते हैं। ऐसा माना जाता है कि इन्हीं दोनों समाधियों में परपोड़ी के दोनों जमींदार भाइयों के कटे सिरों को दफनाया गया है। महंत तुलसीदास अपने गुरु महंत रूप दास और गुरु भाई महंत ब्रह्म दास के समान ब्रह्मचर्य का पालन नहीं कर सके और अपना विवाह कर गृहस्थ आश्रम में प्रवेश किया। महंत तुलसीदास समीप के जमींदारों को बंधक के रूप में रुपए उधार देते थे। उधार की राशि अदा नहीं करने पर उसकी सीमा में धीरे धीरे कई गांव जुड़ने लगे। छुईखदान राजमहल का निर्माण उनके कार्यकाल में ही आरंभ हुआ। उनके इकलौता पुत्र महंत बाल मुकुंद दास हुए। महंत तुलसीदास जी ने ' पाखण्ड मुख मंडन ' की रचना कर अपने पूर्वजों की तरह साहित्य साधना के क्रम को जारी रखा।



लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- Choupalharibhoomi@gmail.com

### यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों का अनुपालन कर रही कंपनी

# रूस से तीन सप्ताह से तेल नहीं मिला, जनवरी में भी मिलने की उम्मीद नहीं: रिलायंस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि उसे रूस से करीब तीन सप्ताह से तेल का कोई बैरल नहीं मिला है और जनवरी में भी इसके प्राप्त होने की कोई उम्मीद नहीं है। रिलायंस ने 20 नवंबर 2025 को कहा था कि उसने यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों का अनुपालन करने के लिए गुजरात के जामनगर स्थित अपनी निर्यात-विशिष्ट रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का उपयोग बंद कर दिया है। इससे पहले रिलायंस, भारत में रूसी तेल की सबसे बड़ी खरीदार थी जिसे वह जामनगर स्थित अपने विशाल तेल शोधन परिसर में संसाधित करके पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में तब्दील करती थी। इस परिसर में दो रिफाइनरियां हैं। एक विशेष क्षेत्र (एसईजेड) इकाई जहां से यूरोपीय संघ, अमेरिका तथा अन्य बाजारों में ईंधन निर्यात किया जाता है और एक पुरानी इकाई जो मुख्य रूप से घरेलू बाजार की जरूरतों को पूरा करती है।

- गुजरात के जामनगर स्थित रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का उपयोग बंद

**खास बातें**

- रिलायंस, भारत में रूसी तेल की सबसे बड़ी खरीदार थी
- कच्चे तेल को शोधन से पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में तब्दील करती थी




### यूरोपीय संघ, रिलायंस के लिए बड़ा बाजार

यूरोपीय संघ, रिलायंस के लिए एक बड़ा बाजार है और उसने रूस के ऊर्जा राजस्व को लक्षित करते हुए व्यापक प्रतिबंध लगाए हैं जिनमें रूसी कच्चे तेल से उत्पादित ईंधन के आयात और बिक्री पर प्रतिबंध लगाने वाले उपाय भी शामिल हैं। इन शर्तों का पालन करने के लिए, रिलायंस ने अपने केवल निर्यात के लिए बने (एसईजेड) रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का प्रसंस्करण बंद कर दिया था।

### ब्लूमबर्ग के दावे का किया रिलायंस ने खंडन

कंपनी ने 'ब्लूमबर्ग' की उस रिपोर्ट को मंगलवार को ''पूरी तरह से असत्य'' बताया जिसमें दावा किया गया था कि ''रूसी तेल से लदे तीन जहाजों को रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी के लिए तैयार किया जा रहा है।'' रिलायंस ने बयान में कहा, '' रिलायंस इंडस्ट्रीज की जामनगर रिफाइनरी को पिछले करीब तीन सप्ताह से रूसी तेल की कोई खेप नहीं मिली है और जनवरी में भी रूसी कच्चे तेल की कोई आपूर्ति मिलने की उम्मीद नहीं है।''

### केप्लर के हवाले से तीन जहाज सिक्का बंदरगाह आ रहे

'ब्लूमबर्ग' एक वैश्विक मीडिया एवं वित्तीय सूचना कंपनी है जो व्यापार, अर्थव्यवस्था, वित्तीय बाजार एवं नीति से जुड़ी विश्वसनीय खबरें व डेटा प्रदान करती है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में आंकड़ा विश्लेषक कंपनी 'केप्लर' के हवाले से कहा गया था कि करीब 22 लाख बैरल यूराल (रूसी कच्चे तेल का एक प्रकार) से लदे कम से कम तीन टैंकर सिक्का बंदरगाह की ओर जा रहे थे जिसके माध्यम से जामनगर रिफाइनिंग परिसर अपने कच्चे तेल के आयात का एक बड़ा हिस्सा प्राप्त करता है।

### सिक्का बंदरगाह का इस्तेमाल किया जा रहा था

सिक्का बंदरगाह का इस्तेमाल हालांकि रिलायंस के अलावा अन्य कंपनियां भी करती हैं। उद्योग जगत से जुड़े सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट में उल्लिखित तीनों टैंकर संभवतः भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की बीना रिफाइनरी के लिए थे, रिलायंस के लिए नहीं।

### 20 नवंबर से कच्चे तेल का आयात बंद

रिलायंस के एक प्रवक्ता ने 20 नवंबर 2025 को बयान में कहा था, '' हमने 20 नवंबर से अपने एसईजेड रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का आयात बंद कर दिया है। वहीं एक दिसंबर से एसईजेड रिफाइनरी से निर्यात किए जाने वाले सभी उत्पाद गैर-रूसी कच्चे तेल से प्राप्त किए जाएंगे।'' इससे पहले, रिलायंस प्रतिदिन भारत को भेजे जाने वाले रियायती रूसी कच्चे तेल के करीब आधे हिस्से की खरीद करता था जिसकी मात्रा 17-18 लाख बैरल थी।

# तांबा बना रॉकेट! बढ़ी निवेशकों की दिलचस्पी 13,000 डॉलर प्रति टन के पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तांबे की कीमतों में मंगलवार को जबरदस्त तेजी देखने को मिल मिली। तांबे की कीमत पहली बार 13,000 डॉलर प्रति टन के आंकड़े को पार कर गए है। तांबे की सप्लाई में आई कमी के अनुमान, चिली की एक खदान में हड़ताल और गोदामों में तांबे का कम स्टॉक होने के कारण यह उछाल देखी जा रही है। वैश्विक स्तर पर भी तांबे की कीमतें आसमान छू रही है। अमेरिका में कॉमेक्स तांबे की कीमतों में 4.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और रिकॉर्ड 5.9005 डॉलर प्रति पाउंड या 13,008 डॉलर प्रति टन के प्राइस पर पहुंच गई है। तांबे की कीमतों में हो रहा इजाफा निवेशकों के लिए निवेश के अवसर पैदा कर रहे हैं।

### तांबे की कीमतों में तेजी की वजह

तांबे की कीमतों में आ रही इस तेजी के पीछे लंदन मेटल एक्सचेंज (एलएमई) में तांबे के भंडार में हुई गिरावट है। जो अगस्त के अंत की तुलना में 55 फीसदी घट गया है। एलएमई में तांबे का भंडार 142,550 टन है। एलएमई सिस्टम से बाहर जाने वाला ज्यादातर तांबा अमेरिका भेजा गया है। वहां तांबे पर टैरिफ को लेकर अभी समीक्षा चल रही है। हालांकि 1 अगस्त से तांबे के आयात पर इंपोर्ट ड्यूटी में छूट देने का फैसला लिया गया था।

### चिली की एक खदान में हड़ताल से उत्पादन प्रभावित

#### सप्लाई घटने का डर बना

उत्तरी चिली में कैपस्टोन कॉपर की मंटोवर्दे कॉपर और सोने की खदान में चल रही हड़ताल पर व्यापारियों ने चिंता जताई है। उनके अनुसार तांबे की सप्लाई घटने का डर बढ़ गया है। इस खदान से 29,000 से 32,000 मीट्रिक टन तांबा उत्पादन की उम्मीद है। हालांकि यह इस साल के कुल वैश्विक उत्पादन (करीब 24 मिलियन टन) का छोटा हिस्सा है, फिर भी इससे उत्पादन पर असर पड़ने की चिंता बढ़ी है।



#### भारत में तांबे की कीमतों में तेजी

मंगलवार के कारोबारी दिन तांबे की कीमतों में उछाल देखने को मिला। दोपहर करीब 12:10 बजे मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 27 फरवरी 2026 का एक्सपायरी वाला तांबा 1350.05 रुपए पर कारोबार कर रहा था। तांबे ने दिन की शुरुआत 1338.25 रुपए पर की। वहीं इसके आखिरी दिन तांबा 1331.75 रुपए पर कारोबार करते हुए बंद हुआ था। पिछले दिन की बंद की कीमत से तांबे में करीब 18.30 रुपए की तेजी दर्ज की जा रही थी। ट्रेडिंग डे के दौरान तांबा 1355 रुपए के हाई लेवल पर पहुंचा था।

# वाहनों की खुदरा बिक्री बीते वर्ष 7.7 प्रतिशत रही : फाडा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में वर्ष 2025 के दौरान वाहनों की कुल खुदरा बिक्री 7.71 प्रतिशत बढ़कर 2.81 करोड़ इकाई से अधिक हो गई। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने वर्ष 2025 के बिक्री आंकड़े जारी करते हुए कहा कि साल की सुस्त शुरुआत के बावजूद जीएसटी दरों में कटौती के बाद मांग में सुधार आया और बिक्री को मजबूती मिली। फाडा के मुताबिक, वर्ष 2025 में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 9.7 प्रतिशत बढ़कर 44.75 लाख इकाई रही, जो एक साल पहले 40.79 लाख इकाई थी। इसी तरह, पिछले साल दोपहिया वाहनों की बिक्री 7.24 प्रतिशत बढ़कर 2.02 करोड़ इकाई पर पहुंच गई। इस दौरान तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 7.21 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 13.09 लाख इकाई रही, जबकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 6.71 प्रतिशत बढ़कर 10.09 लाख इकाई हो गई। फाडा के अध्यक्ष सी एस विग्नेश्वर ने इन आंकड़ों पर कहा कि 2025 का साल दो हिस्सों में बंटा रहा। बजट में प्रत्यक्ष कर राहत और आरबीआई की ब्याज दरों में कटौती जैसे अनुकूल संकेत मौजूद होने के बावजूद जनवरी से अगस्त तक बाजार सुस्त बना रहा। इस दौरान ग्राहक खर्च को लेकर सतर्क रहे और वित्त मंजूरी भी कुछ क्षेत्रों में सीमित रही।

- फाडा ने वर्ष 2025 के आंकड़े जारी कर कहा जीएसटी में कटौती से मांग बढ़ी



### 2025 में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी बढ़ी

फाडा ने बताया कि 2025 में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की हिस्सेदारी भी बढ़ी, जबकि सीएनजी वाहनों की मौजूदगी यात्री एवं वाणिज्यिक खंड में मजबूत हुई, जिससे परिवहन विकल्पों में विविधता देखने को मिली। भावी परिदृश्य को लेकर फाडा ने कहा कि अगले तीन महीनों में 74.9 प्रतिशत डीलर बिक्री बढ़ने की उम्मीद कर रहे हैं।

# बिकवाली से शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन टूटा

## सेंसेक्स 376 अंक कमजोर, निफ्टी 72 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक स्तर पर तनाव और अमेरिकी शुल्क बढ़ने की चिंताओं के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं एचडीएफसी बैंक जैसे दिग्गज शेयरों में भारी बिकवाली से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 376 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी करीब 72 अंक फिसल गया। विश्लेषकों के मुताबिक, एशियाई बाजारों के मजबूत रुख के बावजूद भारत पर शुल्क बढ़ाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई चेतावनी से निवेशकों ने सतर्कता बरती। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 376.28 अंक टूटकर 85,063.34 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 539.52 अंक तक लुढ़ककर 84,900.10 अंक पर आ गया था। निफ्टी 71.60 अंक गिरकर 26,178.70 अंक पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "रिलायंस और एचडीएफसी जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से घरेलू बाजार में गिरावट रही। वेनेजुएला पर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई से उपजी अनिश्चितता और रूसी तेल आयात के मुद्दे ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया। इसके अलावा तिमाही नतीजों का सिलसिला शुरू होने को लेकर भी सतर्कता है।"

- अमेरिकी शुल्क बढ़ने की चिंता से दिग्गज शेयरों में बिकवाली




### ट्रेंट के शेयर में भारी गिरावट

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा समूह की कंपनी ट्रेंट के शेयर में 8.62 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। दिसंबर तिमाही में कंपनी की राजस्व वृद्धि के आंकड़े निवेशकों को उत्साहित करने में नाकाम रहे हैं। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 4.42 प्रतिशत की तेज गिरावट दर्ज की गई।

### एसबीआई के शेयर में बढ़त दर्ज

इसके अलावा आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, इंटरग्लोब एविएशन और एचडीएफसी बैंक भी नुकसान में रहे। हालांकि, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई।



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### छत्तीसगढ़ का अब...

लिए राजनीतिक तथा प्रशासनिक इच्छा-शक्ति पूरी तरह सक्रिय है। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में स्वयं बिलासपुर के अगले 10–15 वर्षों के शहरी विकास का विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने केवल वर्तमान समस्याओं पर नहीं, बल्कि भविष्य की जनसंख्या वृद्धि, शहरी विस्तार, ट्रैफिक प्रबंधन, आवास, जल आपूर्ति, सीवरेज, ड्रेनेज और समग्र नगर नियोजन पर व्यापक चर्चा की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि "नाली से लेकर नगर नियोजन तक" कोई भी विषय चर्चा से बाहर नहीं छोड़ा गया। यही संदेश यह स्थापित करता है कि सरकार केवल घोषणाएँ नहीं कर रही, बल्कि बारीकी से जमीन पर लागू होने योग्य योजना बना रही है। इस दृष्टिकोण ने मुख्यमंत्री की छवि एक दूरदर्शी शहरी विकास नेता के रूप में और सुदृढ़ की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी संकेत दिया कि बिलासपुर को सिर्फ एक बड़े शहर के रूप में नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के नए आर्थिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य हब विकसित किया जाएगा। लॉजिस्टिक सपोर्ट, इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी और निवेश के नए अवसरों के साथ बिलासपुर को मध्य भारत का प्रमुख शहरी केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है।आने वाले वर्षों में बिलासपुर को मॉडल सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा, जहाँ आधुनिक नगरीय सुविधाएँ, स्वच्छता व्यवस्था, सस्टेनेबल शहरी ढांचा और रोजगार सृजन के नए अवसर साथ-साथ आगे बढ़ेंगे। इससे न केवल बिलासपुर, बल्कि पूरे उत्तर छत्तीसगढ़ क्षेत्र को नई आर्थिक दिशा मिलेगी। बैठक में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि बिलासपुर विकास रोडमैप के लिए वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। केंद्र–राज्य समन्वय के इस मॉडल ने यह सिद्ध कर दिया कि छत्तीसगढ़ की शहरी विकास योजनाएँ अब सीधे राष्ट्रीय मिशनों से जुड़ चुकी हैं। स्मार्ट सिटी, अमृत मिशन, हाउसिंग, नगरीय परिवहन और आधारभूत संरचना से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में गति आएगी, जिससे बिलासपुर को विशेष लाभ मिलेगा। बैठक में बताया गया कि बिलासपुर आने वाले समय में छत्तीसगढ़ का अगला ग्रोथ इंजन बनेगा। औद्योगिक निवेश, शहरी रोजगार, रियल एस्टेट, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से यहाँ विकास की नई लहर उत्पन्न होने जा रही है। बिलासपुर के विकास का यह अभियान प्रदेश के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण मोड़ साबित होगा। शहरी विकास, रोजगार सृजन और आधारभूत संरचना पर केंद्रित यह एजेंडा डबल इंजन सरकार की विकासोन्मुखी पहल की पहचान बनेगा। इस अवसर पर विधायक अमर अग्रवाल ने बताया कि बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने हेतु सड़कों एवं पुल-पुलियों के निर्माण में तेजी लाने, पेयजल आपूर्ति से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लेने तथा मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर सहमति बनी। बैठक में सड़क, पुल-पुलिया, पेयजल, ड्रेनेज, प्रदूषण-मुक्त शहर, यातायात, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं युवा कल्याण, आवास, ई-बस सेवा, हवाई यातायात, ट्रांसपोर्ट नगर, उद्योग-व्यापार, पर्यटन तथा अरपा विशेष क्षेत्र विकास परियोजना (अरपा साडा) सहित विभिन्न विषयों पर बिंदुवार मंथन किया गया। **वाई शेप ओवरब्रिज की तैयारी**- उसलापुर रेलवे ओवरब्रिज के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में तेजी लाने एवं इसे आगामी बजट में शामिल करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा राजीव गांधी चौक, नेहरू चौक एवं महामाया चौक पर वाई-आकार फ्लाईओवर निर्माण हेतु डीपीआर तैयार करने तथा फोर-लेन बिलासपुर रिंग रोड निर्माण के लिए एनएचएआई की सहमति के आधार पर प्रस्ताव भेजने पर सहमति बनी।

### खेत से मटर...

मटर तोड़कर खाने से नाराज कपिल ने पकड़ लिया और उन्हें बंधक बनाकर अपने घर ले गया जहां घर के आंगन में ही उसने दोनों बच्चों के हाथ पैर बांध दिए और उनकी जमकर पिटाई की इस दौरान उनका वीडियो भी बनाया गया। मासूम बच्चों से की गई इस बर्बरता का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि बच्चों के हाथ पैर बंधे है और जमीन पर पड़े हुए है। हैरानी कि बात तो यह है कि इनमें से एक बच्चा आरोपी का पड़ोसी है जबकि दूसरा बच्चा उसका रिश्तेदार ही है। **पिता ने दर्ज कराई शिकायत**-मासूम बच्चों से मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस विभाग में भी हड़कंप मच गया है। एसपी वैभव बैंकर ने इस मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए है। इधर बच्चे के पिता ने भी थाने में शिकायत दर्ज कराई है जिसके बाद पुलिस ने वायरल वीडियो और शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपी कपिल के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(2), 115(2), 127(2), 137(2) के तहत अपराध दर्ज किया है। थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने बताया कि इस मामले में आरोपी के खिलाफ पिता की शिकायत पर अपराध दर्ज किया गया है और जांच चल रही है।

### सरगुजा में शीतलहर...

एक पाली में संचालित वाले स्कूल 10 से शाम 4 बजे तक संचालित होंगे। कलेक्टर के इस आदेश के बाद बच्चों के साथ ही अभिभावकों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि इन दिनों शीतलहर का प्रकोप है इस बीच कड़ाके की ठंड में बच्चों को सुबह 7-7.30 बजे तक घर से निकलना पड़ता है जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा था। ऐसे में कलेक्टर सरगुजा अजीत वंसत ने प्राइमरी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। डीईओ सरगुजा द्वारा जारी आदेश के तहत कक्षा 1 से 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए जिले के समस्त विद्यालय 10 जनवरी तक बंद रहेंगे। हालांकि इस अवधि में समस्त शैक्षणिक एवं अन्य स्टॉफ निर्धारित समयावधि में विद्यालय में उपस्थित रहेंगे। वहीं कलेक्टर ने सभी शालाओं के संचालन में संशोधन किया है। जारी आदेश के तहत 10 जनवरी दो पालियों में संचालित होने वाले विद्यालय प्रथम पाली सोमवार से शुक्रवार प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक शनिवार दोपहर 12.30 बजे से शाम 4 बजे तक, द्वितीय पाली सोमवार से शुक्रवार दोपहर 12.30 बजे से शाम 4 बजे तक शनिवार प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक इसी प्रकार एक पाली में संचालित विद्यालयों का संचालन सोमवार से शुक्रवार प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक व शनिवार प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक किया जाएगा। **सूरजपुर-बलरामपुर में भी बदला समय** -कड़ाके की ठंड को देखते हुए बलरामपुर जिले में भी शाला संचालन का समय बदला गया है। डीईओ कार्यालय से जारी आदेशानुसार 7 एवं 8 जनवरी को स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। इस दौरान कक्षा 1 से 5वीं तक के छात्र-छात्राओं को अवकाश प्रदान किया गया है जबकि कक्षा 6वीं से 12वीं तक की कक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित समय अनुसार संचालित होंगी। एक पाली में संचालित होने वाली शालाएं प्रातः 10.30 बजे से 3.30 बजे तक संचालित होंगी। यह आदेश 08 जनवरी 2026 तक लागू रहेगा। वहीं सूरजपुर जिले में कलेक्टर द्वारा 10 जनवरी तक जिले के समस्त विद्यालयों के कक्षा 5वी तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है।

### पूर्व डिप्टी सीएम ...

प्रतिक्रिया देते हुए कदम उठाने का आश्वासन दिया था। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भी छात्र संगठन ने कलेक्टर से मिलकर छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शाला संचालन के समय में परिवर्तन की मांग की थी।

### रायपुर पुलिस...

2005, और रामगोपाल गर्ग 2007 बैच और दीपक कुमार झा शामिल हैं। इन अधिकारियों में संजीव शुक्ला रायपुर में एसएसपी जैसे महत्वपूर्ण पद पर सेवाएं दे चुके हैं, वे कांकेर के डीआईजी भी रह चुके हैं। इसी तरह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे अमरेश मिश्रा वर्तमान में रायपुर आईजी के रूप में कार्यरत हैं, उनके पास एसीबी और ईओडब्लू का प्रभार भी है। तीसरे दावेदार माने जा रहे रामगोपाल गर्ग कई जिलों में पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवाएं दे चुके वरिष्ठ अधिकारी हैं। दीपक कुमार झा वर्तमान में अंबिकापुर में आईजी के पद पर सेवाएं दे रहे हैं। इन चारों आईपीएस को पुलिसिंग के लिहाज से बेहतर माना जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि इन चारों में से किसी एक के नाम पर मुहर लगेगी।

### संजीव या अमरेश...

कि सरकार एक साथ इतना बड़ा फेरबदल करे। इस वजह से संजीव शुक्ला की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है। सूत्र बताते हैं कि संजीव शुक्ला को रायपुर में कार्य करने का अनुभव है और वे संजीदा पुलिसिंग के लिए जाने जाते हैं।शायद यही वजह है कि सरकार उनके नाम पर गंभीरता से विचार कर रही है।

### 23 से शुरु होगी...

जैसे अधिकार (धारा 144, आर्म्स एक्ट, यूएपीए, मानव तस्करी, दंगे पर कार्रवाई) मिलेंगे, जिससे पुलिस को त्वरित निर्णय लेने और कानून-व्यवस्था पर नियंत्रण के लिए शक्तियां मिलेंगी। ग्रामीण इलाके अलग एसपी के अधीन रहेंगे और कमिश्नर सीधे डीजीपी को रिपोर्ट करेंगे। रायपुर शहर (21 थाने) कमिश्नरी में शामिल होंगे, ग्रामीण इलाके अलग रहेंगे। रायपुर 3 जोन (मध्य, पूर्व, पश्चिम) में बंटेगा, हर जोन में डीसीपी-एसीपी होंगे

### रामचरितमानस में ...

पाठ्यक्रम का संचालन ' रामचरितमानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा' शीर्षक से किया जाएगा। इसके अंतर्गत विद्यार्थी रामायण में प्रयुक्त विमान उड्डयन व युद्ध प्रहारक उपकरणों के बारे में पढ़ेंगे। इनके पीछे के विज्ञान का उन्हें बताया जाएगा। रामेश्वरम सेतु के रसायन, रामचरित मानस में वर्णित वायु, जल एवं अग्नि क्रियाओं का रासायनिक विश्लेषण भी सिलेबस का हिस्सा हैं। इसके लिए दाखिले भी शुरू हो गए हैं। जनवरी-दिसंबर 2026 सत्र के लिए आवेदन 27 फरवरी तक किए जा सकेंगे। इसके लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। डिप्लोमा पाठ्यक्रम एक वर्ष का होगा। इसका सिलेबस तथा इसके अंतर्गत अध्ययन की जानी वाली सामग्री का विस्तृत ब्योरा ओपन विवि के आधिकारिक वेबसाइट में अपलोड कर दिया गया है।

### वेयरहाउस में चने...

वेयरहाउस प्रबंधन की भूमिका की जांच पड़ताल कर रही पुलिस घटना की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी एचएस सिदार के निर्देशन में एसडीओपी तारेश साहू और ग्रामीण थाना टीआई हेमंत पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटना के बाद बड़ा सवाल उठ रहा है कि भारी-भरकम बोरियों की छल्ली किन परिस्थितियों में धसकी और क्या वहां सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई थी? पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और वेयरहाउस प्रबंधन की भूमिका समेत मामले की विस्तृत विवेचना शुरू कर दी है।

### सरकारी खजाना...

कंपनियां, सांविधिक निगम, संयुक्त उद्यम निगम, सहकारी समितियां आदि सम्मिलित हैं, द्वारा राज्य शासन को लोक हित में नियमित लाभांश दिया जाना चाहिए। राज्य को विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों और जनहित के कार्यों को संचालित करना होता है, इसलिए एक विवेक पूर्ण निवेशक के रूप में लाभांश की प्राप्ति अति आवश्यक है। **विभागों को दिए गए हैं ये निर्देश**- वित्त विभाग ने सरकारी विभागों से कहा है कि वे अपने नियंत्रण के अधीन आने वाले उपक्रमों के वित्तीय परिणामों की समीक्षा करते हुए बताए गए सिद्धांत के अनुसार राज्य शासन को इसी वित्तीय वर्ष से लाभांश का भुगतान सुनिश्चित करें।

### इस तरह करना...

